26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 8 मार्च, 2026

अंक- 133 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# दिल थामकर हो जायें तैयार!

## भारत आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेगा 15वीं बार




**अहमदाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** टी20 विश्वकप 2026 का फाइनल आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। फाइनल के लिये अहमदाबाद पूरी तरह तैयार है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में खेल रही भारतीय टीम पर इतिहास रचने की उम्मीदों का भारी दबाव होगा। कागजों पर भारत का पलड़ा भले ही मजबूत दिख रहा हो, लेकिन न्यूजीलैंड जैसी अनुशासित और जुझारू टीम को हल्के में लेना किसी भी तरह से आसान नहीं होगा। यह मुकाबला शाम सात बजे शुरू होगा और टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम साढ़े छह बजे होगा। भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी टूर्नामेंट के इतिहास में रिकॉर्ड 15वीं बार फाइनल खेलने उतरने जा रही है। यह सफर 1983 विश्व कप से शुरू हुआ था, जब कपिल देव की कप्तानी में भारत ने पहली बार विश्व कप जीतकर इतिहास रचा था। तब से अब तक टीम इंडिया आईसीसी के बड़े टूर्नामेंटों में कुल सात ट्रॉफियां अपने नाम कर चुकी है।

आईसीसी टूर्नामेंट्स (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप) की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम रही है। कंगारू टीम ने अब तक खेले 14 फाइनल में से 10 बार खिताब जीता है। वहीं 2002 चैंपियंस ट्रॉफी का भारत-श्रीलंका फाइनल बारिश की वजह से दो दिन में भी पूरा नहीं हो सका था, जिसके चलते दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया था। टीम इंडिया ने अपना पिछला आईसीसी खिताब रोहित शर्मा की कप्तानी में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर जीता था। भारतीय टीम ने कई बड़े खिताब जीते हैं, लेकिन लगातार तीन आईसीसी ट्रॉफी जीतने का कारनामा अभी तक नहीं कर पाई है। भारत ने 2024 टी20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। अब 2026 टी20 विश्व कप फाइनल में उसके पास इतिहास रचने का मौका है। अगर भारत न्यूजीलैंड को हराकर यह खिताब जीत लेता है, तो वह पहली बार लगातार तीन आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली टीम बन जाएगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम भारतीय क्रिकेट के लिए भावनात्मक यादों से भी जुड़ा हुआ है। इसी मैदान पर 19 नवंबर 2023 को भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों वनडे विश्व कप फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उस दिन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियां चढ़ते हुए बेहद भावुक नजर आए थे।

# ईरान के तेल भंडार को तबाह कर रहा इजराइल

## 30 फ्यूल टैंकों और तेल डिपो को निशाना बनाया, ट्रम्प बोले- ईरान लड़ने लायक नहीं बचेगा



अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का नौवां दिन है। इस बीच इजराइल ने ईरान में तेल भंडार से जुड़े ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली मीडिया वाइनेट के मुताबिक, ईरान के 30 फ्यूल टैंकों और कई तेल डिपो को निशाना बनाया गया है। वहीं, ट्रम्प ने शनिवार को कहा कि अमेरिका चाहता है कि ईरान पूरी तरह हार मान ले। ट्रम्प ने कहा कि इसका मतलब है कि ईरान लड़ाई जारी रखने की स्थिति में न रहे और अंत में आत्मसमर्पण कर दे। उन्होंने कहा कि या तो ईरान खुद सरेंडर करे या उसकी सैन्य ताकत इतनी कमजोर कर दी जाए कि वह लड़ने के लायक ही न बचे। दूसरी ओर ईरानी सेना ने शनिवार को अमेरिका को धमकी दी है कि अगर उसके जहाज फारस खाड़ी में आए, तो उन्हें समुद्र में डुबो दिया जाएगा। ईरान का ये बयान ऐसे वक्त पर आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि अमेरिकी नौसेना जल्द ही ऑयल टैंकरों को सुरक्षा लिए फारस की खाड़ी में जहाज भेज सकती है। ये टैंकर आमतौर पर होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते हैं।

# बांग्लादेश में मंदिर के पास पेट्रोल बम धमाके, तीन लोग घायल

**ढाका (एजेंसी/चिंगारी)।** बांग्लादेश के कोमिल्ला शहर में कलागाछितला मंदिर और पास की सड़क के पास हुई सिलसिलेवार पेट्रोल बम धमाकों में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मंदिर के पुजारी केशव चक्रवर्ती और स्थानीय निवासी अब्दुल बारेक शामिल हैं। तीसरे घायल व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घटना शनिवार शाम (07 मार्च) की है, जिसके चलते सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका जताई जा रही है। कोमिल्ला पुलिस अधीक्षक मो. अनीसुज्जमान ने बताया कि पुजारी और दो अन्य, जिनमें एक राहगीर भी शामिल है, विस्फोटों में घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस जिम्मेदार लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए तलाशी अभियान चला रही है। कोटवाली मॉडल पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी मो. तौहीदुल अनवर ने मीडिया को बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर लिया है और घटना की जांच कर रही है। उन्होंने कहा, इस समय, हम मकसद की पुष्टि नहीं कर सकते या विस्फोटों के पीछे के लोगों की पहचान नहीं कर सकते। हालांकि, अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार शाम करीब 6:28 बजे एक नकाबपोश व्यक्ति एक बैग लेकर मंदिर परिसर में घुसता है। आसपास कई अन्य लोग भी खड़े दिखाई दे रहे थे। बैग रखने के बाद नकाबपोश व्यक्ति भाग गया, और कुछ ही क्षणों बाद एक विस्फोट हुआ, जिसमें पुजारी केशव चक्रवर्ती घायल हो गए। उन्हें बाद में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने भागते समय पास के एक बौद्ध मंदिर और आस-पास की सड़क पर दो और क्रूड बम विस्फोट किए।



पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ (श्याम बाबा) के दर्शन करें।

प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला

रम्मू का चौराहा, बिजनौर

मो. 9927652453

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES

भगन्दर FISTULA

फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# सांसद चन्दन चौहान ने सुनी जनसमस्याएं



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के सांसद चंदन चौहान ने अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दर्शन कार्यक्रम में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, पुलिस और वन विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद चंदन चौहान ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर कई लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि अन्य मामलों में अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा गया। जनता दर्शन में मुख्य रूप से पुलिस विभाग, तहसील विभाग तथा वन विभाग से संबंधित शिकायतें अधिक संख्या में प्राप्त हुईं। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और आम लोगों को समय पर न्याय मिले। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बिजनौर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सांसद चंदन चौहान के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## महिला ने जेठ पर मारपीट करने तथा गेहूं की फसल जोतने का आरोप लगाया

नूरपुर ( चिंगारी )। थानाक्षेत्र के गांव सेलपुरा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका जेठ पीएसी में कार्यरत है। शनिवार को उन्हें सूचना मिली कि दबंगता दिखाते हुए उनकी गेंहू की फ़सल ट्रेक्टर से जोत दी।सूचना पर जब वह अपने पति व सास ससुर के साथ खेत पर गई तो वहां पहले से अपने साथियों के साथ मौजूद जेठ ने उनके साथ मारपीट की।महिला का आरोप है कि उसके जेठ ने बुरी नियत से उसे दबोच लिया तथा खींचतान कर उसके कपड़े फाड़ दिए तथा शरीर को झिंझोड़ दिया जिससे उसके हाथ व शरीर पर गुम चोट लगी।महिला का कहना है कि जब मेरे पति व ससुर मुझे छुडवाने के लिए आए तो उसके जेठ ने तमंचे की बट से हमला कर दिया।वह किसी तरह जान बचाकर भाग निकले।महिला का आरोप है कि पूर्व में भी उक्त व्यक्ति कई बार उनके सास ससुर व पति के साथ मारपीट कर चुका है।महिला ने बताया कि गांव निवासी व्यक्ति ने ट्रेक्टर से गेहूं की फसल की जुताई की।पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है।पुलिस ने घटना के सम्बंध में जांच कर कार्यवाही करने की बात की है।

# सांसद चंद्रशेखर ने शगुन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया

## मृतक शिक्षक के पीड़ित परिवार को दी सांत्वना



शगुन कौशल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते सांसद।

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने तहसील नजीबाबाद के पैतृक गांव सराय आलम तथा वर्तमान में आदर्शनगर नजीबाबाद निवासी शगुन कौशल के सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 145 वीं रैंक प्राप्त कर जनपद बिजनौर का नाम रोशन करने पर उनके घर पहुंचकर शगुन कौशल को बधाई देते हुए सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि शगुन की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है, इससे अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, साहनपुर चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी आदि मौजूद रहे। साथ ही सांसद चंद्रशेखर आजाद ने दुल्हैंडी के दिन दुर्घटना में मौत का शिकार हुए शिक्षक नेत्रपाल सिंह के सत्यविहार कालोनी स्थित आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। सांसद ने इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम योगेंद्र कुमार को मौके पर बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली। सांसद ने पुलिस को दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को कहा। सांसद ने आरोपी को 48 घंटे के अंदर पुलिस से गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।



# शेरकोट के युवक की मुम्बई में हत्या

## मायानगरी में ओला टैक्सी चलाता था मृतक नासिर

**शेरकोट ( चिंगारी )। शेरकोट निवासी युवक की मुम्बई में हत्या हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव घर लाने की तैयारी की जा रही है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला खुराड़ा निवासी 24 वर्षीय मौ. नासिर पुत्र सलामातुल्लाह अंसारी मुम्बई के ऐरोली शहर में अपने भाई मौ. आमिर के पास रहकर ओला में टेक्सी चलाने का काम करता था। बड़े भाई मौ शाहनवाज़ ने बताया कि नासिर दो माह पूर्व मुम्बई गया था। जहां गत बृहस्पतिवार की शाम वह थाना टीटवाला से बुकिंग लेकर पूना गया था। जिसके बाद उसका मोबाइल नंबर स्विच ऑफ हो गया। लगातार मोबाइल स्विच ऑफ आने पर नासिर के साथ रहने वाले उसके भाई मौ आमिर को चिंता हुई और उसने मुम्बई में रहने वाले रिश्तेदारों के साथ उसकी तलाश शुरू की तो शुक्रवार की दोपहर उसकी कार थाना टीटवाला में खड़ी मिली जिसमें खून लगा हुआ था। परिजनों व पुलिस द्वारा तलाश किये जाने पर लापता नासिर का शव शनिवार की शाम 90 किमी दूर स्थित जिंगरघाट क्षेत्र में रक्त रंजित हालत में पड़ा मिला। इस बात की खबर शनिवार की रात शेरकोट पहुंचने से परिजनों में कोहराम मचा है। मौ शाहनवाज़ ने बताया कि नासिर की हत्या किसने और क्यों की है ,इस बात का अभी पता नहीं लग पाया है, पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है। पोस्टमार्टम के बाद नासिर के शव को शेरकोट लाया जाएगा। इस घटना से मुहल्ले में शोक का माहौल है। घटना का पता लगने पर पूर्व चेयरमैन शेख़ कमरूल इस्लाम ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया।


परिजनों से बात करते पूर्व चेयरमैन शेख़ कमरूल इस्लाम।

# बलवे में शामिल 40 लोगों को 3-3 साल की सज़ा

## बाखरपुर गढ़ी में 12 साल पहले होली पर हुआ था बवाल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने करीब 12 वर्ष पहले होली के रंग जुलूस के दौरान बिजनौर से सटे ग्राम बाखरपुर गढ़ी में दो पक्षों के बीच हुए जानलेवा हमले के मामले में दोनों पक्षों के 40 लोगों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आमोद त्यागी के अनुसार 17 मार्च 2014 को कोतवाली बिजनौर में तैनात तत्कालीन सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार शर्मा मंडावली क्षेत्र में होली के रंग जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में लगे हुए थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बाखरपुर गढ़ी में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हैं और नट तथा जाटव समुदाय के लोगों के बीच विवाद हो गया है।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों, बल्लम और अन्य हथियारों से एक-दूसरे पर जानलेवा हमला कर रहे थे। झगड़े में दोनों पक्षों के करीब 20 से अधिक लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने हस्तक्षेप कर भीड़ को तितर-बितर किया और घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया।

पुलिस जांच में गांव के 43 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान घटना में शामिल तीन आरोपियों की मृत्यु हो गई।

अदालत ने सुनवाई के बाद मामले में शामिल नीटू, मनोज, सोनू, महिपाल, गुल्ले, कार्मेंद्र, सुभाष, तेजपाल, बबलू, दीपा, टेनी, नेपाल, राजेश, धर्म सिंह, मुकेश, गोविंद, मालवा, मुन्ने ढाल, जानकी प्रसाद, जितेंद्र, धर्मपाल, जॉनी, इंद्रपाल, अनिल रंधावा, बसंत कुमार, धर्मेंद्र, विक्रम, चंद्रपाल, गौतम, पप्पू, रामकुमार, अतर सिंह, जंग बहादुर, नरेश पुत्र किशन, कमल, नरेश पुत्र कल्लू सिंह और छत्रपाल सहित कुल 40 लोगों को दोषी मानते हुए तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई है।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद
वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर



अट्ठारहवां रोजा : रविवार, 8 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:24, शिया 6:34
उन्नीसवां रोजा : सोमवार, 9 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:10, शिया-5:03

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.




कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# नगीना तहसील के निरीक्षण के दौरान डीएम को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के बाद नगीना तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था अभिलेखों का रखरखाव आदि सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उन्होंने एसआईआर से संबंधित कक्ष का निरीक्षण किया जहां संतोषजनक रूप से कार्य प्रगति पर पाया गया, उसके बाद उन्होंने नायब तहसीलदार बढ़ापुर एवं नगीना न्यायालय कक्ष का निरीक्षण किया। दोनों न्यायालय में 10 अथवा 5 वर्ष से अधिक का कोई वाद लंबित नहीं पाया गया तथा वादों का निस्तारण भी दायरे के अंतर्गत होना प्रकाश में आया। न्यायालय तहसीलदार नगीना के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने धारा 67 की तीन पत्रावलियां तलब कर, उनका निरीक्षण किया। निरीक्षण में सभी वादों का निस्तारण नियम अनुसार सही होना पाया गया।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा तहसील परिसर से लगे गुरुद्वारे की दीवार का निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि गुरुद्वारे की भूमि की खसरा-खतौनी की जांच करें और जांचोपरांत जमीन की पैमाइश कराकर दीवार के प्रकरणों के वाद को निस्तारित करना सुनिश्चित करें। अंत में उन्होंने एम एम इंटर कॉलेज नगीना के खेल मैदान का निरीक्षण किया। खिलाड़ियों द्वारा बताया गया कि इस मैदान में बरसों तक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ है। खेल मैदान गहरा होने की वजह से नगर पालिका द्वारा स्वीकृत निर्माण / विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने उप जिला अधिकारी को निर्देशित किया कि कॉलेज के खेल मैदान के भराव की संभावनाओं का प्रयास करें और इस मैदान को खेल योग्य बनाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी विजय शंकर, उप जिलाधिकारी न्यायिक आशुतोष जैसवाल, तहसीलदार अमरपाल सहित अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

अट्ठारहवां रोजा : रविवार, 8 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:24, शिया 6:34
उन्नीसवां रोजा : सोमवार, 9 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:10, शिया-5:03

# भगवंत इंस्टीट्यूट की बी.फार्मा परीक्षा में आशीष भारद्वाज ने पाया प्रथम स्थान









**बिजनौर (चिंगारी)।** भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, मुजफ्फरनगर में बी.फार्मा प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। घोषित परिणाम के अनुसार आशीष भारद्वाज ने सर्वाधिक 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वंश कुमार पुत्र सुशील कुमार ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया तथा वंश कुमार पुत्र सोनू ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि फार्मेसी के क्षेत्र में समर्पण और निरंतर अध्ययन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। डीन डॉ. अजय सिंह ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें एक सफल फार्मासिस्ट बनाना है। प्राचार्य डॉ. सचिन सिंघल ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

# फादरसन स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**चांदपुर (चिंगारी)।** फादरसन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में परगना महमूदपुर, का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रक्रियाओं और वास्तविक जीवन में उनके उपयोग के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था। कंपनी के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं, आधुनिक मशीनों के संचालन तथा गुणवत्ता नियंत्रण की प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पूरे प्लांट का अवलोकन किया और उद्योग में काम करने के तरीकों को नज़दीक से समझा।यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। इस अनुभव ने उन्हें कक्षा में पढ़े गए सिद्धांतों को वास्तविक जीवन से जोड़कर समझने का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक यात्रा का भरपूर आनंद लिया और इसे एक यादगार सीखने का अनुभव बताया।



# भाकियू-अ ने अपनी मासिक बैठक के उपरांत एसडीएम को मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया

**धामपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक तहसील धामपुर की मासिक बैठक धामपुर तहसील के प्रांगण में तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी की अध्यक्षता और जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा के संचालन में हुई। इसके पश्चात उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को गन्ना किसानों की समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया है कि गन्ने की प्रजाति एवं गन्ना बीज के मूल्य के संबंध में शुगर मिलों द्वारा दो-तीन वर्षों में किसानों को नए-नए बीज उपलब्ध कराए गये, लेकिन इस वर्ष उनको लेने से आना-कानी अस्वीकृत कर रहे हैं। ज्ञापन में



मांग की गई कि गन्ने का नवीनतम बीज सरकारी रेट पर किसानों को उपलब्ध कराया जाए, अगेती प्रजाति, सामान्य प्रजाति का बीज शुगर मिलों और गन्ना समिति द्वारा किसानों को सब्सिडी पर उपलब्ध कराया जाए। गन्ने की किस्म को लेकर किसानों का उत्पीड़न शुगर मिलों द्वारा न किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला सचिव लोकेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष धामपुर अजय राजपूत ब्लॉक अफजलगढ़ अध्यक्ष महल सिंह न्याय पंचायत अध्यक्ष भानुप्रताप राणा संगठन मंत्री ब्लॉक धामपुर सुरेश कुमार जयप्रकाश यशवीर सिंह भागेश कुमार, राजीव कुमार, दिनेश प्रधान आदि शामिल रहे।

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बना बिजनौर जनपद

## डीएम सहित कई प्रमुख पदों पर महिला अधिकारी आसीन

राशिद मलिक

**बिजनौर (चिंगारी)।** आज समूचा विश्व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है। विश्व महिला दिवस को सारी दुनिया नारी शक्ति के प्रति प्यार, सम्मान तथा उनके द्वारा सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों में मिली उपलब्धियों के उत्सव के रूप में मनाते हैं। एक दौर था जब रूढ़िवादी विचारधारा के चलते महिलाओं को कमजोर और डरपोक समझा जाता था, हालांकि महिलाएं कभी भी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं रही है। महिलाओं को जब-जब अपनी पावर व योग्यता को सिद्ध करने का अवसर मिला है, उन्होंने नारी शक्ति का परचम लहरा कर क्षेत्र चाहे सबसे कठिन रणभूमि का क्यों न रहा हो, उसमें भी पुरुषों से अपनी श्रेष्ठता, प्रतिभा और ताकत को स्वीकार कराया है।

वास्तव में महिलाएं कार्य के प्रति किसी भी क्षेत्र में पुरुषों की तुलना में कही भी पीछे नहीं हैं। इसे जनपद बिजनौर की जिला अधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन में मौजूद करीब डेढ़ दर्जन से अधिक महिला अधिकारियों ने पिंक पावर का परचम लहराकर राष्ट्रीय स्तर पर हाल ही में सिद्ध करके दिखाया है। साल 2025 के अंत में जब यूपी सहित अन्य राज्यों में चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम प्रारंभ किया था। इस कार्य में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाली बिजनौर की जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को ई-गवर्नेंस (एसआईआर) के क्षेत्र में सरकारी सेवाओं को डिजिटल बनाने, प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और तकनीक का प्रभावी उपयोग करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 16 जनवरी 2025 से श्रीमती जसजीत कौर जिलाधिकारी के रूप में बिजनौर का नेतृत्व कर रही हैं। उनके



डीएम जसजीत कौर को सम्मानित करते हुए महामहिम राष्ट्रपति (फाइल)

नेतृत्व में जिले में दो अपर जिलाधिकारी के अलावा जिला, तहसील व विकास खंड स्तर पर एक दर्जन से अधिक महिला अधिकारी नारी शक्ति से जनपद को एक नई दिशा देने का काम में लगी हुई हैं।

जनपद में उच्च प्रशासनिक पदों पर आसीन महिला अधिकारियों की डेढ़ दर्जन से अधिक संख्या के चलते बिजनौर 'पिंक डिस्ट्रिक्ट' की श्रेणी आ रहा है और यहां पिंक पावर जनपद में महिलाओं को सशक्त कर नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के कार्य में लगी हुई हैं।

### बिजनौर की पिंक पावर

1-श्रीमती जसजीत कौर, जिलाधिकारी
2-श्रीमती अंशिका दीक्षित,अपर जिलाधिकारी प्रशासन
3-श्रीमती वान्या सिंह, अपर जिलाधिकारी एफआर
4-श्रीमती रितु चौधरी, उप जिलाधिकारी सदर
5-सुश्री रचना गुप्ता, जिला विकास अधिकारी
6-श्रीमती नेहा पांडे, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी
7-कुमारी लक्ष्मी देवी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी
8-श्रीमती वंदना कुशवाहा, परियोजना अधिकारी डूडा
9-श्रीमती नीतू सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य
10- रविता राठी, डीएमसी
11- अदिति श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक
12-मंजू शाह, जिला मलेरिया अधिकारी
13-स्मृति मिश्रा, उप जिलाधिकारी धामपुर
14-श्रीमती ज्योति चौधरी, खंड विकास अधिकारी कोतवाली
15-श्रीमती मेघा गुप्ता, अधिशासी अधिकारी किरतपुर
16-श्रीमती मुक्ता सिंह,अधिशासी अधिकारी नजीबाबाद
17- श्रीमती सीमा रानी वर्मा, अधिशासी अधिकारी हल्दौर
18-अंकिता किशोर, वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ रेंज


गौशाला का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी।

# जिलाधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को खंड विकास कोतवाली के अंतर्गत ग्राम चंदपुरा नसीब स्थित देव गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नगीना विजय शंकर, उप जिलाधिकारी न्यायिक आशुतोष जैसवाल, तहसीलदार अमरपाल, खंड विकास अधिकारी ज्योति चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि गौआश्रय स्थल में 112 गौवंश मौजूद हैं जो सभी स्वस्थ स्थिति में हैं। गौशाला की बाउंड्री नीची पाई जाने पर उन्होंने फेंसिंग बाउंड्रीवाल को ऊंचा किये जाने के निर्देश दिये। गौशाला में बनाई गई पानी की हौज साफ करने के निर्देश देते हुए उन्होंने नियमित रूप से पानी में चूना एवं क्लोरीन डालते रहने के लिए इंगित किया। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर द्वारा गौशाला के आसपास चार दिन पूर्व गुलदार को घूमते हुए देखे जाने पर गंभीरता से लेते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर उनसे वहां पिंजरा लगवाया जाए।


सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान
की दिली मुबारकबाद
विवेक सेन

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
अट्ठारहवां रोजा : रविवार, 8 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:24, शिया 6:34
उन्नीसवां रोजा : सोमवार, 9 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:10, शिया-5:03

# समाज के विकास में महिलाओं का ख़ास योगदान - प्रो. प्रीति खन्ना



## वर्धमान कालेज में महिला दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**बिजनौर (चिंगारी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की सभी महिला शिक्षकों ने सहभागिता की।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज को विकास की ओर बढ़ने में महिलाओं का योगदान सर्वोपरि है।

इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो.शशि प्रभा ने कहा कि इस सृष्टि के संचालन में पुरुष और महिला दोनों का बराबर का योगदान है। उन्होंने एक कहानी के माध्यम से गोष्ठी में अपने विचारों को स्पष्ट किया। यह जो समाज की सृजन करता स्त्री है परंतु यह सारे अधिकार, सारी सत्ता पुरुष के हाथों में कैसे गई। प्रो. शशिप्रभा ने अपने जिला बिजनौर के समस्त उच्च पदों पर आसीन महिलाओं का वर्णन भी अपने संबोधन में किया। डॉ शिवानी शर्मा ने अपने गीत से सबको मंत्र मुक्त कर दिया। महाविद्यालय की सभी महिला शिक्षकों ने कमजोर है कमजोर नहीं गीत गाकर समा बांध दिया। टीना अग्रवाल ने अपने गीत पूरा है भरोसा तेरी हार नहीं होगी, विनिता पांडेय ने अपने गीत से सबको झूमने पर विवश कर दिया। डॉ. रीना प्रताप सिंह ने काश, शीर्षक से महिलाओं के जज्बातों को अपनी स्वरचित कविता में पिरोकर सुनाया। कार्यक्रम में डॉ नीलम गुप्ता,डॉ. अंजु बंसल, डॉ निदा, डॉ रेशु शर्मा, डॉ. सुरभि,डॉ. दुर्गा,डॉ. जूही अग्रवाल, डॉ. अनामिका, डा. कविता,डॉ. विनीता,डॉ. अदीबा नाज, डॉ.अंशु चौधरी, डॉ. शिवानी शर्मा, डॉ. टीना अग्रवाल,डॉ. चेतना, डॉ. अरुणिमा, डॉ. रीना प्रताप सिंह,डॉ. रजनी शर्मा, डॉ पारुल, डॉ. मंजू आदि का विशेष योगदान रहा।

# पम्प मालिक के बेटे से लाखों की ठगी में दो गिरफ्तार

## नामजद दो मुख्य आरोपी अभी फ़रार

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़वाने का झांसा देकर एक यूट्यूवर द्वारा पेट्रोल पंप मालिक के नाबालिग पुत्र से की गई लाखों की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। जबकि इस मामले में नामजद मुख्य आरोपी अदनान खान व मोहम्मद कैफ मलिक अभी फरार है। आरोपी मोहम्मद कैफ मलिक भारतीय किसान यूनियन भानू का प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। फरार दोनों आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।



थाना क्षेत्र के गांव सुहागपुर निवासी ताजुद्दीन अंसारी एडवोकेट ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उनके बेटे उबैद उर रहमान उर्फ चांद की दोस्ती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इंस्टाग्राम के माध्यम से यूट्यूबर अदनान खान से हुई। अदनानं खान ने चांद को उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर फालोअर्स बढ़ाने का झांसा देकर चांद से पांच लाख रुपये हड़प लिये। इसके बाद आरोपी ने उसके बेटे चांद की आईडी और पासवर्ड हासिल कर परिवार सहित उसके निजी फोटो उठा लिये।

आरोप है कि इसके बाद वह उक्त फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगा। जब उसने बात करना बंद कर दिया तो उसने चांद के नाम की एक ओर फर्जी आईडी बना ली और रुपये लाने का दबाव बनाने लगा। नाबालिग चांद ने इस बात का जिक्र अपने गांव के ही मोहम्मद आसिफ अंसारी और मोहम्मद कैफ मलिक से किया। आरोप है कि मोहम्मद कैफ मलिक स्वयं को एक किसान संगठन का नेता बताकर सारे दिन हूटर वाली गाड़ी में घूमता है और पूरे क्षेत्र में जगह-जगह अपनी फ्लैक्सी भी लगवा रखी है। आरोप है कि किसान नेता मोहम्मद कैफ मलिक ने भी नाबालिग चांद से उक्त आईडी को डिलीट कराने की एवज में 1.70 लाख रुपए हड़प लिये। आरोप है कि आसिफ अंसारी ने चांद से उसके घर में रखे जेवर लेकर शेरकोट के एक ज्वैलर्स जाहिद को बेच दिए थे। आसिफ और मोहम्मद कैफ मलिक पीड़ित चांद को इस समस्या से निजात दिलाने की आड़ में ठगी करते रहे। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित ताजुद्दीन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आभूषण बेचने और खरीदने के आरोप में मौ. जाहिद पुत्र निजामुद्दीन निवासी मोहल्ला पहाडी दरवाजा व आसिफ पुत्र अशरफ निवासी ग्राम सुहागपुर को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो कुण्डल पीली धातु, एक गले की कंठी पीली धातु, हाथ के दो कंगन पीली धातु, एक रानी हार सैट पीली धातु जिसमें कान के दो झुमके बरामद किये।




## यूजीसी बिल के विरोध प्रदर्शन में दिल्ली पहुंचे क्षत्रिय समाज के लोग

**धामपुर ( चिंगारी )।** दिल्ली के रामलीला मैदान में यूजीसी बिल के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए क्षत्रिय समाज के लोग बस द्वारा बड़ी संख्या में रवाना हुये। समाज के युवाओं के भविष्य और अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए सभी में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर प्रभात चंद, हरि ओम, जयवीर सिंह सिसोदिया (जिला अध्यक्ष, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा, बिजनौर), महेंद्र सिंह, यशवीर सिंह गीतम, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, दीपक कुमार प्रधान पति (अमखेड़ा), दीप सौरभ गुरुजी, विपुल प्रताप सिंह, ओम प्रकाश सिंह सहित काफी संख्या में क्षत्रिय ने दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान सभी ने एकजुट होकर समाज के सम्मान और अधिकारों के लिए आवाज उठाने का संकल्प लिया। इस दौरान यह संदेश भी दिया गया कि जब भी समाज के हित और अधिकारों की बात होगी, क्षत्रिय समाज हमेशा मजबूती और एकजुटता के साथ खड़ा रहेगा।




## चेयरमैन व ईओ ने महिला सफाई मित्रों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनीं



सफाई विभाग की बैठक लेते हुए अध्यक्ष व इओ।

### 14 मार्च तक चलेगा विशेष सफाई अभियान

**धामपुर ( चिंगारी )।** रमजान तथा ईद उल फितर के त्योहार के दृष्टिगत नगर क्षेत्र धामपुर में विशेष सफाई अभियान एवं स्वच्छता हेतु शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह एवं अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने कहा कि यह अभियान 14 मार्च तक चलेगा। इसके अंतर्गत पालिका के सभी महिला सफाईमित्रों को शिवाजी पार्क स्थित संपादकाचार्य पंडित रुद्रदत शर्मा पुस्तकालय में बुलाकर उनकी समस्या सुनी गईं एवं त्योहारों के दृष्टिगत नगर क्षेत्र धामपुर में वार्ड में कार्यरत महिला सफाई मित्रों से अनुरोध किया गया कि वह अपने-अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा के साथ करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी से वार्ता कर सकती हैं। बैठक में सफाई मित्रों से भी अपने सफाई कार्य को पूर्ण निष्ठा के साथ करने हेतु कहा गया ताकि स्वच्छ धामपुर, स्वस्थ धामपुर बन सके। बैठक में सफाई एवं स्वास्थ्य निरीक्षक हेमेंद्र सिंह, नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, मनोज कुमार सफाई नायक, रणवीर सिंह कार्यवाहक सफाई नायक आदि उपस्थित रहे।

## शुगर मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत मॉक-ड्रिल का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता के दिशा निर्देशन में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत श्रमिकों, कर्मचारीयों और अधिकारियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण नीति का बैज लगाया गया।



इस दौरान माक -ड्रिल का आयोजन धामपुर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक चौधरी के नेतृत्व और डिस्टलरी हेड सुनील राणा के निर्देशन में भरत भूषण बरनी, मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने एथेनॉल टैंक के पास आयोजित किया। इस दौरान फायर एक्सटिंग्विशर, फायर हाइड्रेंट लाइन, फोम कंपाउंड, वाटर कर्टेन ब्रांच, स्प्रिंकलर आदि का उपयोग करके आग बुझाने का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक चौधरी ने माक- ड्रिल के दौरान सेफ्टी टीम तथा प्रासेस टीम के द्वारा आग बुझाने के रिस्पांस टाइम की प्रशंसा करते हुए सभी श्रमिकों, कर्मचारियों के तत्परता की सराहना की। इस अवसर पर शुगर एवं केमिकल यूनिट के अधिकारी और कर्मचारी विवेक सिंह यादव, मोहित वशिष्ठ, धीरज सक्सेना, विनोद राणा, अर्पण सैनी, दुर्गेश राठौर, पवन शर्मा, मोहम्मद आबिद, भुवनेश, शरद गहलौत, सुनील दत्त जोशी, उज्जवल सिंह, ओंकार सिंह, सतपाल सिंह, रतेंद्र कुमार, जयराम यादव, शक्ति सिंह, दीपू, बलिराम सिंह, बरन सिंह, विदेश राम कंचन, मनीष उपाध्याय आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार गुप्ता कारखाना प्रबंधक ने किया।

# महिलाओं को सशक्त होने के लिये शिक्षा आवश्यक - डा. रेशु शर्मा






**बिजनौर ( चिंगारी )। विवेक विश्वविद्यालय में आज समान अवसर समिति द्वारा अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का प्रारम्भ, वाइस चांसलर प्रो. ( डा. ) नरेश गुप्ता, मुख्यवक्ता डा. रेशु शर्मा असिस्टैंट प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज, डा. राजीव कुमार चौधरी डीन स्कूल ऑफ लींगल स्डडीज, डा. संजय त्यागी डीन, स्कूल ऑफ साइंस, डा. पुष्पा जोशी अध्यक्षा समान अवसर समिति द्वारा सयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलन करके हुआ।**

सर्वप्रथम समान अवसर समिति की अध्यक्षा डा. पुष्पा जोशी ने विवेक विश्वविद्यालय में समान अवसर समिति के कार्यो और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि महिलायें पहले से ही सशक्त है। लेकिन उन्हें शिक्षा द्वारा जागरुक होने का आवश्यकता है। इसके बाद स्कूल ऑफ लीगल स्डडीज के छात्र/छात्राओं निशा शर्मा, हिमांशु आर्य, सुमैरा और जैनव द्वारा वर्तमान समय में लड़कियों के लिये शिक्षा की जरुरत एवं महत्व के बारे में विस्तार से

## अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर विवेक विश्वविद्यालय में हुई गोष्ठी

बताया। मुख्य वक्ता डा. रेशु शर्मा ने महिषासुर मर्दनी स्त्रोत की चार लाइन सुनाकर महिलाओं की वर्तमान स्थति के विषय में बोलते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त होने के लिए पढ़ाई की अत्यन्त आवश्यकता है, क्योंकि सामाजिक ढांचे में परिवर्तन एक दिन में नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि यदि एक पुरुष को शिक्षित किया जाता है, तो केवल एक ही व्यक्ति शिक्षित होता है और यदि एक स्त्री शिक्षित होती है, तो उससे पूरा परिवार, समाज एवं देश में परिवर्तन आता है। महिलाओं को अपनी नैतिकता का उलंघन नहीं करना चाहिए, क्योंकि महिला का व्यवहार मानवता के लिए एक वरदान है। अन्त में डा. राजीव कुमार चौधरी डीन लॉ ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान का प्रारम्भ हमें अपने घर से करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सुगन्धा वैद्य द्वारा किया गया एवं आयुष शर्मा द्वारा एक डोकोमेन्टरी दिखाई गयी, जिसमें स्त्री के विकास एवं सशक्तिकरण का चरणबद्ध तरीके से प्रर्दशन किया गया। इस अवसर पर डा. अरविन्द कुमार, पी.के. दीक्षित, प्रमोद त्यागी, विकान्त कुमार, विशाल सिंह, प्राची त्यागी, स्वाति, चंचल चौहान आदि शिक्षकगण एवं छात्र/छात्रा उपस्थित रहें।

# बाबा पानपदास के समाधि स्थल पर पूजा एवं भण्डारे का हुआ आयोजन



**धामपुर ( चिंगारी )।** बाबा पानप दास समाधि स्थल पर बाबा पानप दास गुरुद्वारा के ट्रस्टी द्वारा धार्मिक कार्यक्रम और भंडारा कराया गया, जिसमें सभी संतो एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धर्म लाभ कमाया। मुजफ्फरनगर निवासी ट्रस्टी परिवार निरंकार स्वरूप, कंदर्प स्वरूप, पल्लवी स्वरूप, महिमा स्वरूप, केवलवम स्वरूप द्वारा धार्मिक कार्यक्रम कराए गए। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्टी परिवार ने बताया कि हमारे परिवार के धार्मिक कार्यक्रम समाधि स्थल पर कराए जाते हैं, जिनके करने के लिए हमारा पूरा परिवार आया हुआ है। उसके बाद भंडारा कराकर सभी संतों का आशीर्वाद लिया जाता है। इस अवसर पर ट्रस्ट की आम सभा का आयोजन किया गया, जिसका संचालन सचिव महेंद्र सिंह द्वारा किया गया और अध्यक्षता महंत ओमदास द्वारा की गई। इस अवसर पर महंत ओम दास, उपमहंत विक्रम दास, पूर्व महंत प्रणवदास, अशोक दास, पुष्पेंद्र दास, निरंजननाथ दास आदि संत शामिल हुए। कार्यक्रम में सचिव महेंद्र सिंह, ठाकुर अभय सिंह, संतोष राजपूत, मास्टर शिशुपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, विजयपाल सिंह, राजेश सिंह आदि शामिल रहे।

# तेल-गैस के बाद अब पानी पर वार...

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** ईरान और अमेरिका-इजरायल में जारी युद्ध के बीच अब एक नया खतरा सामने आ रहा है। इस संघर्ष में तेल और गैस के बाद अब पानी सबसे बड़ा संकट बन सकता है। खाड़ी के कई देशों की आबादी पीने के पानी के लिए समुद्री पानी को साफ करने वाली डीसैलिनेशन यानी नमक हटाने वाले प्लांट्स पर निर्भर हैं, और अब यही प्लांट्स मिसाइल या ड्रोन हमलों की जद में आ सकते हैं। पर्शियन गल्फ के तट पर सैकड़ों डीसैलिनेशन प्लांट लगे हुए हैं। ये प्लांट समुद्री पानी से नमक अलग करके पीने लायक पानी बनाते हैं। अगर इन प्लांट्स को नुकसान पहुंचता है तो खाड़ी के कई बड़े शहरों में पानी की भारी किल्लत हो सकती है। खाड़ी देशों की पानी की जरूरत का बड़ा हिस्सा इसी डीसैलिनेशन तकनीक से पूरा होता है। कुवैत में करीब 90 प्रतिशत पीने का पानी डीसैलिनेशन से आता है। ओमान में यह आंकड़ा लगभग 86 प्रतिशत है, जबकि सऊदी अरब में करीब 70 प्रतिशत पीने का पानी डीसैलिनेशन से तरीके से तैयार किया जाता है। इस तकनीक को रिवर्स ऑस्मोसिस कहा जाता है। मध्य पूर्व से बाहर रहने वाले लोगों के लिए इस युद्ध की सबसे बड़ी चिंता तेल की कीमतों पर असर है, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र दुनिया के करीब एक तिहाई कच्चे तेल का निर्यात करता है, लेकिन एसोसिएटेड प्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्सपर्ट्स का मानना है कि खाड़ी मुल्कों के लिए असली खतरा पानी के ढांचे को हो सकता है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले के साथ शुरू हुए युद्ध में पहले ही कई महत्वपूर्ण ढांचों के पास हमले हो चुके हैं। 2 मार्च को ईरान के हमलों में दुबई के जेबेल अली बंदरगाह को निशाना बनाया गया।

# श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में भजनों की प्रस्तुतियों पर झूम उठे श्रद्धालु

**धामपुर ( चिंगारी )। श्री श्याम सखा मंडल का चतुर्थ वार्षिकोत्सव श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अयोध्या से पधारी बंकू सिस्टर्स ने अपने भजनों की प्रस्तुतियों से धूम मचा दी। इसके अतिरिक्त अंश गोयल के भजनों को भी भरपूर प्रशंसा मिली बरेली से पधारे राम और श्याम तथा दिल्ली से पधारे मास्टर बॉबी के भजनों की प्रस्तुतियां भी काफी सराही गई । नगीना मार्ग स्थित रामलीला बाग में बनाये गये विशाल पंडाल में आयोजित महोत्सव में सजाया गया दरबार आकर्षण का केंद्र बना रहा।**



कार्यक्रम का शुभारंभ बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल महाराज के संरक्षण में सामूहिक पूजन से किया गया, जिसके मुख्य यजमान नगर पालिका परिषद धामपुर के सभासद मनोज कुमार गोयल पप्पी एवं उनकी धर्मपत्नी आरती रानी गोयल, अंश गोयल-परी गोयल रहे। पूजन आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज, पंडित माधव कृष्ण भारद्वाज ने कराया। महोत्सव में इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा, अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग, अखंड ज्योति मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल, धार्मिक संस्था श्री हरि संकीर्तन मंडल के महंत पीयूष अग्रवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, सचिन कुमार अग्रवाल, स्योहारा से पधारे मुकेश रस्तोगी, रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया के मनीष गर्ग, श्री राधे हरि संकीर्तन मंडल के महंत विजय प्रकाश वर्मा, श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के संरक्षक जगदीश लाल अरोड़ा, अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल समाजसेवी लोकेश नंदन रस्तोगी अनंत नंदन रस्तोगी प्रखर नंदन रस्तोगी आदि शामिल रहे जिनको पटके पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष मनोज कुमार गोयल, उपाध्यक्ष प्रतीक वर्मा एवं आलोक अग्रवाल, महामंत्री मोनू गुप्ता, मंत्री विशाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितिन जुनेजा, उप कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, प्रचार मंत्री अंश गोयल, निखिल अरोड़ा नानू अरोड़ा का योगदान रहा।

# आज की नारी, नहीं है बेचारी

एक अवलोकन



पुरूष और नारी सृष्टि के निर्माण और संचालन के दो मूल तत्व हैं। पर पुरूष, मनुष्य है, मानव है नारी केवल नारी। नर की प्रतिछाया नारी, मानुषी और मानवी उसे प्राय: नहीं कहा गया। सृष्टि के आरम्भ से ही नारी मनुष्य के लिये कैतुहल और जिज्ञासा का केन्द्र रही है। नारी के बिना सभ्यता के विकास की कोमल और सुमधुर कल्पना का साकार रूप है। नारी मन ममता का अदभूत उपहार, वात्सल्य का अजस्र स्रोत और संस्कृति की अन्तसलिला है। नारी ओस की उस बूंद के समान है, जिसमें सम्पूर्ण सूर्यमंड प्रतिबिंबित हो जाता है।

आज हम शवी सदी में जी रहे है और शवी सदी में भी स्त्रियों की स्थित में इतना सुधार नहीं हुआ जितना होना चाहिए थ। लेकिन अब स्थिति बदल रही है और साथ ही बदल रही है स्त्रियों की भूमिका। आज की नारी महत्तवाकांक्षी है। वह उच्च आयामों को प्राप्त करना चाहती है सपने देखना चाहती है और सिर्फ सपने देखना ही नहीं चाहती है, उन्हें पूरा करना भी चाहती है और कुछ हद तक अपने सपनों को साकार कर रही भी रही है। आज की नारी ने वह हिम्मत और ताकत आ गयी है कि वह अपने साथ होने वाली किसी भी घटना को बड़ी ही बेबाकी के साथ व्यक्त कर देती है। अपने साथ हुए अन्याय और अत्याचार पर अब उसने चुप रहना छोड़ दिया है। जो नारी कभी पति को परमेश्वर मान अपना संपूर्ण जीवन उस प न्यौछावर कर देती थी आज वही नारी अपनी पहचान अपनी आईेंटिटी अपना अस्तित्व चाहती है और उस पहचान आइडेंटिटी व अस्तित्व को प्राप्त करने के लिये नारी का संघर्ष पहले की अपेक्षा अधिक कठिन हो गया है। कहा जा रहा है कि शवी सदी नारी की सदी है। नारी अस्मिता, नारी स्वतंत्रता की सदी है। क्या वास्तव में नारी स्वतंत्र है क्या आज भी उसकी अस्मिता पुरूष अस्मिता पर आश्रित नहीं है। ये सवाल आपके लिए है अपने आपसे पूछिये। कुछ मुट्ठी भर औरतों को देखकर अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि हमारा समाज बदल गया है। हो इतना जरूर है कि बदलने की प्रक्रिया में है और ये किसी भी समाज के लिये शुभ संकेत है। हम खुशसीब है कि हम जनपद बिजनौर में रहते है और यहां नारी शक्ति का परचम लहलहा रहा। हमारे जनपद की लोकप्रिय जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, माननीय विधायक सूचि चौधरी, चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, एसडीएम सदर श्रीमती रितु रानी, पांच ऐडेड महाविद्यालयों में से चार महाविद्यालयों की प्राचर्या स्त्रियां ही हैं। जो अपने नेतृत्व और कौशल से जनपद की प्रगति में चार चांद लगा रही हैं। बेशक आज स्थितियां बदली है और बदल रही है। आधुनिक सोच और वैश्वीकरण के चलते पुरानी अवधारणाएं ढीली पड़ चुकी है। प्रशासन में आज उसे सम्मान जनक स्थान मिला है, राजनीति में भी उसने अपने साहसिक कदमों से आगे बढ़ते हुए पुरूष सत्ता को चुनौती दी है और संस्कृति में नारी ने पूरी तस्वीर ही बदल डाली है, परन्तु समस्याएं आज भी है और ये समस्याएं तब तक रहेंगी जब तक हमारी सोच, नारी की नारी के प्रति विचार धारा में परिवर्तन नहीं होता। प्रश्न अब भी वही है स्त्री के मानवीय रूप में मान्यता का स्त्री रूप में ही अपनी रक्षा और अपनी अस्मिता की स्थापना का।



**-प्रो. शशि प्रभा**
**विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग**
**वर्धमान पीजी कालेज,**
**बिजनौर**

# बाअदब! बामुलाहिजा, होशियार!

व्यंग्य

आखिरकार वह शुभ दिन यानी 'महिला दिवस' आ ही गया! जिसका हम बेसब्री से इंतजार करते हैं , जो सक्षम हैं, ऊंचे पदों पर आसीन हैं, उन्हें सादर सलाम -नमस्ते, और जिन दूर -दराज के इलाकों में यह बयार नहीं पहुंची है उन के लिए दुआ, ताकि हम गर्व से कह सकें कि आधी दुनिया नही, सारा जहां हमारा है।

लेकिन, जनाब! पूछिए मत कि इस दिन हम जैसी नामचीन हस्तियों की क्या हालत होती है, एक दिन में ना जाने कितनी गोष्ठियों को संबोधित करना होता है, पूरे शहर में जैसे बाढ़ आ जाती है गोष्ठियों की, हर जगह महिला सशक्तिकरण की बातें होने लगती हैं, जैसे बस एक ही दिन में सब कुछ ठीक हो जाएगा... कहीं किसी गोष्ठी में महिलाओं का भविष्य उज्ज्वल बताया जाता है ,तो कहीं उनकी बदहाली पर चिन्ता के घने बादल छाए रहते हैं ,पर सच मानिए! कभी -कभी मुझे, कुछ वक्ताओं की चिन्ता से घबराहट सी होने लगती है कि हाय! यदि यह 'महिला दिवस' ना मनाए जाते तो फिर हमें हमारे अधिकार कैसे मिलते? पर! फिर मेरी अल्पज्ञ बुद्धि डंक मारने लगती है कि बहना! क्या केवल यह दिवस मनाने भर से, महिलाओं का उत्थान हो जाएगा? पर! दाद देनी होगी, कुछ वक्ताओं की, जिनके जोशोखरोश को देखकर ऐसा लगता है कि जब तक, महिलाओं को उनके अधिकार नहीं मिलेंगे, ये अन्न -जल ग्रहण नहीं करेंगे.. तो कई बहिनों के भाषण से लगता है कि कहीं कोई समस्या है ही नही... और सभी को उन के अधिकार मिल गए हैं, तो हम मुंगेरीलाल के हसीन सपनों में खोकर, गदगद हो उठते हैं।

ऐसी ही एक सफल गोष्ठी की खुमारी में आकंठ डूबे हुए, वापिस घर लौट रहे थे, और मन में मुगालता था ...अब तो धरती पर स्वर्ग आ चुका है, समस्याएं दम तोड़ चुकी हैं, रास्ते में कुछ ग्रामीण मजदूर महिलाएं काम कर रही थी तो जोश में आकर उन में से एक से पूछ बैठी- 'बीबी! क्या तुम्हें पता है कि आज कौन सा दिवस है?' सोमवार है ,मैडम जी। सोमवार, तो है, पर क्या तुम्हें पता है कि आज महिला दिवस है- मैंने कहा 'यह क्या होता है? उसने कहा, तो मैं उसे, इस विषय में कुछ जानकारी देने ही वाली थी कि वह मुझसे ही पूछ बैठी- कि, 'क्या आज मजदूरी कुछ अधिक मिलेगी? दूसरी बोली- 'क्या, आज रात को मेरा मरद दारू पीकर पीटेगा नहीं?'

मैं निरूतर थी ...सो वहां से लौटने में ही मैंने अपनी भलाई समझी, घर के पास ही पड़ौसन शीला मिल गई और पड़ौसी धर्म के नाते मुझसे पूछने लगी- 'मोहतरमा की सवारी कहां से आ रही है? तो मैंने भी तुरंत शान बघारते हुए कहा कि आज महिला दिवस है, वहीं से आ रही हूं, उन्होंने मुझे मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया था तो वह लंबी सांस लेकर बोली- 'हां, बहना! तुम ठहरी काम-काजी महिला और ऊपर से सोशल वर्कर, वैसे, पता तो मुझे भी है कि आज महिला दिवस है, पर क्या करें, क्योंकि पकानी तो वही दाल- रोटी है और वैसे भी इतनी महंगाई के चलते, हमें घर चलाने की चिन्ता है, ना कि अधिकारों की, दो वक्त की रोटी, इज्जत के साथ मिलती रहे, और बच्चे पढ़ लिखकर किसी काबिल बन जाएं, यही हमारे लिए सब कुछ है, मैंने कुढ़कर सोचा कि पढ़ी-लिखी होकर भी कितनी उदासीन है, पर कोई बात नहीं, मैं भी हार नहीं मानूंगी, चलो, घर जाकर कांताबाई को ही समझाती हूं कि अधिकार केवल पढ़ी -लिखी महिलाओं के ही नहीं हैं ,अपितु सभी महिलाओं के हैं और वास्तव में जब समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को उनके अधिकार मिल जाएंगे, तभी इस 'महिला दिवस' को मनाने की सार्थकता सिद्ध होगी इसलिए मैं कांता बाई को विस्तार पूर्वक इस विषय में बताने लगी, उसने बड़े ध्यान से मेरी सारी बातें सुनी और फिर घर जाते समय कहने लगी कि- 'मैडम जी! हम आज शाम को काम करने नहीं आएंगे' तो रसोई में पड़े ढेर सारे झूठे बर्तनों को निहारकर मैंने हड़बड़ा कर कहा-', पर क्यूं, तो वह मुस्कराते हुए बोली- अभी तो आपने ही, हमें हमारे अधिकारों के विषय में जानकारी दी है तो फिर मैं सोच रहीं हूं कि लगे हाथ, आज शाम को, हम सब बहिनें मिलकर अपनी कालोनी में भी 'महिला दिवस' मना ही लें।



**-सुमन चौधरी 'सुमन' मो. 9412855939**

# लाचार बच्चों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैला रहीं उर्वशी

## स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ मिलती हैं सभी सुविधाएं



**-मौ. अजमल**

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक पाठशाला ऐसी, जहां न कोई बजट और न ही बच्चों से वसूली जाने वाली फीस। मकसद गरीबी और लाचारी में पल रहे बच्चों के सपनों को उड़ान देना है। सभी चुनौतियों को लांघकर इस पाठशाला का संचालन कर रही उर्वशी कर्णवाल ने मानों बेबस सपनों को पंख लगा दिये हैं। उर्वशी कर्णवाल पाठशाला में पढ़ने वाले 120 बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ उनके नाश्ते, भोजन, स्टेशनरी व यूनिफार्म, शूज आदि निशुल्क उपलब्ध कराये जाते हैं, ताकि बच्चे शिक्षित होकर आगे बढ़ सकें। यह पाठशाला आज गुरूकुल बन गई है।

आज के समय में जहां अधिकतर लोग दिखावे के लिए समाजसेवा करते हैं तथा किसी जरूरतमंद की मामूली सहायता करने पर अखबारों में फोटो छपवाकर समाज में गरीब व्यक्ति को रुसवा करते हैं, वहीं नगर के मुहल्ला चिम्मन बाजार बजरिया निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री राधेश्याम कर्णवाल की पुत्रवधू एवं व्यापारी विकास कर्णवाल की धर्मपत्नी श्रीमती उर्वशी कर्णवाल बिना किसी दिखावे के खामोशी के साथ गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने में लगी हुई हैं। उर्वशी कर्णवाल के मन में उन बच्चों को देखकर हमेशा से यह टीस रही, जो बच्चे गरीबी और लाचारी के चलते स्कूल तक नहीं पहुंच पाते। उर्वशी कर्णवाल ने पैसे के अभाव में शिक्षा से वंचित रहने वाले गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने को वर्ष 2018 में क्षेत्र के ग्राम माहू में अंत्योदय आधारशिला नाम से शिक्षण संस्थान की स्थापना की। वर्तमान में इस शिक्षण संस्था में अत्यंत गरीब परिवारों के 120 बच्चे शिक्षा पा रहे हैं। स्कूल में 12लोगों का स्टाफ भी है। उर्वशी कर्णवाल की ओर से बच्चों के नाश्ते, खाने, स्टेशनरी, शूज, गर्मी व सर्दी की यूनिफॉर्म, जैकेट आदि की निशुल्क व्यवस्था की जाती है। उर्वशी कर्णवाल ने बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई के साथ साथ उनको एक्टिविटी, क्राफ्ट के अलावा मानवीय मूल्यों, नैतिक शिक्षा, पौराणिक कथाओं का ज्ञान आदि भी दिया जाता है। उर्वशी कर्णवाल की यह पाठशाला एक मिसाल बन चुकी है।


बच्चों के साथ उर्वशी कर्णवाल।



### शिक्षा के साथ-साथ पोषण भी जरूरी

उर्वशी कर्णवाल बताती हैं कि उनका प्रयास है कि बच्चों को शिक्षा के साथ साथ पौष्टिक आहार भी मिले, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो सके।

### कवियित्री भी हैं उर्वशी

उर्वशी कर्णवाल के अब दो गीत संग्रह भी प्रकाशित हो चुके हैं,उनका प्रथम गीत संग्रह मैं प्रणय के गीत वर्ष 2022 व कल्पनाओं से निकल कर वर्ष 2026 भी प्रकाशित हो चुका है।

### क्षेत्रवासी करते हैं प्रशंसा

**गरीब बच्चों को शिक्षित बनाने में लगी उर्वशी कर्णवाल की क्षेत्रवासी बहुत प्रशंसा करते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना था कि आज के समय में जब अधिकांश लोग पैसे अर्जित करने के लिए अच्छा बुरा नहीं सोचते, वहीं उर्वशी कर्णवाल इससे हटकर बिना किसी स्वार्थ के गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाकर सराहनीय कार्य कर रही हैं, जिसके लिए वे तथा उनका परिवार बधाई की पात्र हैं।**

# महिला करे स्वयं का आत्म निरीक्षण



**-रश्मि अग्रवाल**
**मो. 09837028700**

हम अपनी बेटियों को सफल व आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दे रहे हैं, क्या उन्हें वो सुसंस्कार दे रहे हैं जिनके परिदृश्य में वे स्वयं का सही मूल्यांकन कर सकें? यह प्रश्न महिला दिवस का विशेष प्रश्न होना चाहिए। आज की लड़कियाँ आत्मनिर्भरता के पर्दे के पीछे व आगे स्वयं को लिव इन में क्यों धकेल रही हैं? क्या उन्हें अपनी योग्यता पर विश्वास नहीं है? हमारी सृष्टि कितनी सुन्दर है, स्वर्गिक और मधुरिम है. जब हम खुली आँखों से देखते हैं तो सृष्टि का होना और सृष्टि में बालक-बालिकाओं (स्त्री-पुरूष) का होना, हमारे लिए सत्य का प्रथम कदम है, सुरम्य स्वरूप है। पति के लिए पत्नि अर्धांगिनी है यानि उसके सुख-दु:ख की साथी, ये अटल सच्चाई और यथार्थ है पर आज आधुनिकीकरण की बयार कहें या विकास की अंधी दौड़, पुरूष आज भी नारीशक्ति को पंगु, क्षमता को कुंद तथा सामर्थ्य को निर्जीव बनाये रखना चाहता है। उसे डर है कि नारी अपनी बुद्धि और शक्ति से कहीं उसकी बराबरी में न आ खड़ी हो। परिणाम स्वरूप आज भी नर-नारी के संबंध दो राहों पर खड़े हो गये हैं। दूसरी ओर नारी के जीवन से जुड़े दो तटबंध यानि स्त्री व पुरुष दो प्रवृत्तियाँ स्वरूप हैं, उनकी अभिव्यक्ति का बहाव कि वो किन परिस्थितियों में किसके द्वारा सुशोभित हुई है या शोषित। नारी के इसी जीवन से जुड़े, आशा-निराशा से बुने वो पट जिनके आर-पार देखने की क्षमता आज नारी के साथ-साथ पुरुष में भी आई है, तभी वो संवेदनाओं के रचनात्मक स्वर व्यक्त करने हेतु आह्वन करती नज़र आ रही है। अत: जो बीड़ा समय के साथ नारी ने उठाया है, उसे सफलता की राह तब मिलेगी, जब पुरुष समाज उसके साथ खड़ा होकर उसे विश्वास, सम्मान व प्रेम के प्रकाश से आलौकित करेगा।

वहीं दूसरी ओर आज की नारी स्वयं की प्रतिमा दिखाने और पुरूष से बराबरी के अधिकार पाने की होड़ में स्वयं को प्रस्तुत करती नजर आ रही है, ऐसे विचारों के साथ जहाँ वो कृय-विकृय का माध्यम भी बनती जा रही है और उसका अनुचित प्रयोग भी किया जा रहा है या वो स्वयं करवा रही है।



आधुनिकीकरण, विकास की दौड़ व 21वीं सदी में महिलाओं ने नि:संदेह ही स्वतंत्रता का सुखद अनुभव किया है। लेकिन पुरूषों की तुलना में कम जैसे... ग्राम्य जीवन को ही देख लिजिए, जहाँ महिलायें प्रारम्भिक सुख:सुविधाओं से वंचित हैं, वो अशिक्षा के कारण आर्थिक दृष्टि से भी परतंत्र हैं। जबकि 'स्त्री आत्मनिर्भरता और उससे जुड़ी उसकी स्वतंत्रता' पर एक सामुहिक विचार-विमर्श किया जाए तो स्त्री और उससे जुड़ा मुक्ति का संबंध जिस त्रिकोण पर उसे ले जाता है वो है 'आत्मनिर्भरता' जो तीनों के पारस्परिक संबंधों को प्रकट करता है। जैसे- आर्थिक, बौद्धिक व मानसिक।

देखा जाए नारी का सम्पूर्ण जीवन एक धागे में पिरोये हुए मोतियों के समान होता है। आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने हेतु उसे संघर्ष एवं कई समझौते करने पड़ते हैं। सदियों से नारी समानता, आत्मसम्मान स्वअस्तित्व के लिए संघर्ष करती नज़र आ रही है। 'क्या आत्मनिर्भरता महिला मुक्ति की कुंजी है?' हाँ! मैं नारी की आर्थिक स्वतंत्रता की पक्षधर हूँ क्योंकि नारी की आर्थिक स्वतंत्रता उसे स्वाभिमानी व जागरूक बनाती है, वो अपनी व अपनी संतान की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में स्वयं को सक्षम पाती है।

आज महिला सशक्तिकरण के दौर में बहुत से कानून व अधिकारों की बात कही जा रही है। पर इसके विपरीत आत्मनिर्भरता के बावजूद श्रम के लैंगिक विभाजन में कोई अन्तर नहीं आया है। आज महिला घर व बाहर दोनों कार्यों को पूर्णता: निभा रही है फिर भी कुछ संयुक्त परिवारों में आज भी नारी को खुद के निर्णयों के लिए घर के मुखिया पर निर्भर रहना पड़ता है भले ही वो उच्च शिक्षित हो, आत्मनिर्भर हो या शून्य से उठकर शिखर तक पहुंची हो। पर समाज में व पुरूष वर्ग के विचारों में उसकी सहभागिता कितनी व क्या है? ये प्रश्न उठना स्वभाविक है। यद्यपि समाज में विगत गत वर्षों में अनेक तीव्र परिवर्तन आए हैं, राजनीति, व्यवसाय, शिक्षा, व्यापार में महिलायें अनेक उपलब्धि पा रही हैं। जैसा हम सभी जानते हैं कि आर्थिक आत्मनिर्भरता किसी को भी मानसिक गुलामी से मुक्त करने की ऐसी कुंजी है जिसके पीछे नारी मुक्ति का संघर्ष आज दिगभ्रमित सा लगता है क्योंकि जिस वर्ग की वास्तविक मदद की आवश्यकता है उन तक वो नहीं पहुंच पाती, दूसरी ओर वो मध्यमवर्ग की महिलायें नारी मुक्ति के नाम पर स्वयं के दायित्वों से मुक्त होती दिखाई देती हैं। बाज़ारवाद सिरियलों की चमक-दमक, फिल्मी अन्दाज़ सभी घरों के अन्दर पहुंच चुके हैं, जिसका परिणाम सर्वविदित है कि महिलायें समयभाव के कारण अपनी ही सन्तान पर ध्यान नहीं दे पातीं क्योंकि आज उनके विचारों में कामकाजी होने का भार है, साथ-साथ घरेलू महिलायें उच्च वर्गीय महिलाओं का अनुसरण करने के प्रयास में गृहकार्य को करना नहीं चाहती, बाजार के आकर्षण ने उन्हें भ्रमित कर रखा है, ऐसे में नारी को स्वयं का आत्मनिरीक्षण करना भी आवश्यक हो जाता है।

उपरोक्त के अतिरिक्त मेरा मानना है कि स्वयं महिलाओं को भी कदम बढ़ाने होंगे, स्वयं की इच्छाशक्ति, सीमायें व लक्ष्य निर्धारित करने होंगे क्योंकि हमारे विकास की प्रक्रिया हमारी सोच को सबसे अधिक प्रभावित करती है। कई बार दूसरों से प्रतिस्पर्धा के चलते हम व आप कुछ ऐसा करने की ठान लेते हैं, जिसमें हमारी रूचि ही न हो। जीवन में महत्वाकांक्षी होना आवश्यक है पर इसका अर्थ यह नहीं है कि आपकी शत-प्रतिशत इच्छाएं पूर्ण हों। सफलता का अर्थ सिर्फ ये नहीं होता कि 'उसकी साड़ी मेरी साड़ी से सफेद कैसे?' यानि ढ़ेर सा धन सुख-सुविधाएँ आपके पास हों, बल्कि सफलता का अर्थ है प्रतिदिन आपने उस लक्ष्य को पाने की चेष्टा की है? जिसे आपने स्वेच्छा से स्वयं के लिए चुना है और जिसे आप अपने व्यक्तित्व के योग्य समझती हैं क्योंकि लक्ष्य ही हमारे अस्तित्व को अर्थ देता है।

वस्तुत: महिलाओं की आत्मनिर्भरता उनके शिक्षित वर्ग पर निर्भर है, क्योंकि शिक्षा ही वो माध्यम है जो समाज में सहभागिता, सम्मान व अधिकारों को पहचाने व अपनाने में सहायक है और आत्मनिर्भरता स्वतंत्रता की वो कुंजी है, जिसके माध्यम से नारी सशक्त होगी और जब नारी सशक्त होगी तब समाज भी सशक्त होगा।









# जावित्री

# किडनी, लिवर की सुरक्षा कवच है जावित्री

## खाना झट से पचाए, भूख बढ़ाए, नींद न आने की समस्या मिटाए

*जायफल की जुड़वां बहन जावित्री के बहुत फायदे हैं। यह बीमारियों से बचाने में मदद कर सकती है। वहीं, बीमारी की अवस्था में उसके लक्षणों को कुछ हद तक कम करने में मददगार है। जायफल और जावित्री दोनों मायरिस्टिका फ्रैगरैंस नाम के पेड़ से मिलते हैं। जायफल इस पेड़ का बीज होता है और पेड़ के रेशेदार परत को जावित्री कहते है। इसे आम भाषा में जायपत्री के नाम से भी पहचाना जाता है और अन्य मसालों की तरह यह मसाला भी ज्यादातर घरों में पाया जाता है। यह मसाला हल्के पीले, नारंगी या सुनहरे रंग का होता है। जो खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ औषधीय रूप में इस्तेमाल किया जाता है।*

"

*जावित्री डायबिटीज में रामबाण मानी जाती है। इसमें एंटी-डायबिटिक गुण मौजूद होते हैं। यह अल्फा-एमीलेस नामक एंजाइम को कंट्रोल करके ब्लड शुगर में कमी लाती है।*

### दांतों के लिए मुफीद है

*दांतों और मुंह के स्वास्थ्य का सही तरीके से ख्याल न रखा जाए, तो इसका असर सेहत पर पड़ सकता है। जावित्री में मौजूद मैक्लिग्नन में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो स्ट्रेप्टोकोकस म्यूटंस नामक बैक्टीरिया के खिलाफ लड़ सकते हैं। यह बैक्टीरिया कई दंत रोगों का कारण माना जाता है । मैक्लिग्नन में एंटी-क्रायोजेनिक यानी दांतों को नुकसान से बचाने वाले गुण भी पाए जाते हैं, जो दांतों की समस्या से राहत दिलाने में मदद करते हैं। यह दांतों को कैविटी की परेशानी से बचाते हैं। जावित्री में एंटी-कैंसर गुण भी होते हैं, जिससे मुंह के कैंसर से बचने में मदद मिल सकती है।*

### जावित्री का ऐसे करें इस्तेमाल



जावित्री मिलाकर मसाला चाय या मसाला दूध बनाएं।

*********

सब्जी, अचार और सॉस भी सकते हैं।

*********

सूप, उबले आलू , चावल के साथ खाएं।

*********

मिठाई, मफिन, केक और ब्रेड में डालकर खाएं।

### दिल का रखे ख्याल

*प्लेटलेट्स दिल से जुड़ी बीमारियों और स्ट्रोक के जोखिम पैदा करती हैं। इन रोगों के इलाज और रोकथाम के लिए प्लेटलेट फंक्शन का बाधित होना फायदेमंद साबित हो सकता है। जावित्री में एरिथ्रो एसीटॉक्सी टेट्रामेथोक्सी निओलिग्नान नाम का तत्व पाया जाता है, जिसमें एंटी प्लेटलेट गतिविधि पाई जाती है। इसके इस्तेमाल से ब्लड में प्लेटलेट्स को एक साथ जमा होने से रोक सकता है, जिससे धमनियों में खून का बहाव बिना बाधा के चलता रहे।*

**डाइजेशन सिस्टम सुधारेः**- बिजी लाइफस्टाईल की वजह से बाहर का खाना या समय पर न खाने से पाचन से जुड़ी परेशानी होती है। जावित्री पेट और पाचन के लिए कारगर हो सकती है। जावित्री पाचन शक्ति बढ़ाने के लिए इस्तेमाल की जाती है।

**किडनी को सुरक्षा देः**- जावित्री किडनी की परेशानी से राहत दिती है। इसमें मौजूद मैक्लिग्नन नाम के यौगिक किडनी के टिशू को नुकसान से बचाते हैं। सूजन और एपोप्टोसिस डेड सेल को रोकने में मैक्लिग्नन काम करता है और नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट रक्षा प्रणाली को बढ़ा सकता है। जावित्री में मौजूद मैक्लिग्नन के ये गुण किडनी को इस्केमिया-रे परफ्यूजन इंजरी से बचाते हैं।

**सर्दी-जुकाम में जावित्री के फायदेः**- मौसम बदलने से सर्दी-जुकाम या बुखार की समस्या होती है। ऐसे में जावित्री एक अच्छा घरेलू इलाज है। इसके एंटी-एलर्जी, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सर्दी-जुकाम जैसी एलर्जी परेशानी से बचाते हैं। इसलिए, कई बार सुना होगा कि छोटे बच्चों को जावित्री या जायफल चटाने की बात कही जाती है। शिशु को किस उम्र में और कितनी मात्रा में जावित्री या जायफल देना चाहिए, इस बारे में डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी।

**लिवर के लिए जावित्री के फायदेः**- पेट की हालत दिन-ब-दिन खराब होते चली जाती है। तेल-मसाले वाले खाने का सीधा असर लिवर पर पड़ने लगता है और नतीजा लिवर की समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में वक्त रहते खाने-पीने पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही अगर जावित्री का इस्तेमाल किया जाए तो फायदा होगा। इससे प्राप्त मैक्लिग्नन में हेपटोप्रोटेक्टीवे गुण पाए जाते हैं, जो लिवर को स्वस्थ रखते हैं।

**मोटापा घटाएः**- बढ़ते वजन के साथ कई बीमारियां भी शरीर को घेर लेती हैं। ऐसे में वक्त रहते इस पर ध्यान देना जरूरी है। जावित्री में एंटी ओबेसिटी गुण पाए जाते हैं। इसके इथेनॉल अर्क में टेट्रा हाइड्रो फ्यूरेन, लिग्निन, सैपोनिन, टैनिन, फ्लेवोनोइड और पॉलीफेनोल जैसे नेचुरल तत्व पाए जाते हैं, जिनमें मोटापा कम किया जा सकता है।

**एंटी इंफ्लेमेटरी है जावित्रीः**- एनसीबीआई में प्रकाशित शोध की मानें तो, सूजन के कारण शरीर कई बीमारियों के चपेट में आ जाता है। जोड़ों में दर्द भी सूजन के कारण ही होता है, ऐसे में जावित्री बेहतर विकल्प है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण किसी भी तरह के सूजन से काफी हद तक बचाव कर सकते हैं और शरीर को सेहतमंद रखने में मदद करते हैं।

**त्वचा के लिए जावित्री के फायदेः**- खूबसूरत और दमकती स्किन की चाहत हर किसी को होती है। ऐसे में घरेलू उपाय अच्छा विकल्प है। जावित्री में मौजूद मैक्लिग्नन त्वचा को सूरज के हानिकारक किरणों से होने वाले नुकसान से बचा सकता है।

**जावित्री के नुकसानः**- जावित्री में मिरिस्टिसिन नाम का केमिकल होता है, जिसका ज्यादा इस्तेमाल मानसिक परेशानी का कारण बन सकता है।लिवर को नुकसान दे सकता है। प्रेग्नेंसी में महिलाओं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को जावित्री या इसके सप्लीमेंट्स को डॉक्टर के कहने पर ही लेना चाहिए, यह गर्भस्थ शिशु और बच्चे के लिवर को हानि पहुंचा सकता है।

### भूख बढ़ाने में मददगार

*भूख कम होती जा रही है तो जावित्री का इस्तेमाल पाचन शक्ति में सुधार कर भूख को बढ़ा सकती है।*

### अर्थराइटिस में जावित्री के फायदे

*बढ़ती उम्र के साथ शरीर में जगह-जगह दर्द है। हड्डियां कमजोर हो गई है तो जावित्री का इस्तेमाल शुरू कर दें। जावित्री में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सूजन की वजह से जोड़ों में होने वाली परेशानी, जैसे रुमेटाइड अर्थराइटिस से बचाती है। रूमेटाइड अर्थराइटिस गठिया का ही एक प्रकार होता है।*

### चैन की नींद और राहत दे

*अनिद्रा की समस्या आम होती जा रही है। वर्क प्रेशर और टेंशन और डिप्रेशन की वजह से नींद नहीं आती ऐसे में लोग नींद की दवा खाने लगते हैं और उन्हें खुद भी पता नहीं चलता कि कब वो इसके आदी हो गए हैं। ऐसे में घरेलू नुस्खे के तौर पर जावित्री का इस्तेमाल कर सकते है। इसका अर्क अनिद्रा की परेशानी को ठीक करता है।*

# राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दृष्टिगत मॉकड्रिल कराई गई




मॉकड्रिल का प्रदर्शन करते अग्निशमन अधिकारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद बिजनौर डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अग्निशमन केन्द्र नजीबाबाद के प्रभारी केएस जादौन द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दृष्टिगत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ज्वाइंट ऑफ साइट मॉकड्रिल लेवल-3 कुरुक्षेत्र-रुड़की-नजीबाबाद पाइप लाईन, ग्राम माहिमसापुर तहसील नजीबाबाद के अन्तर्गत मॉकड्रिल कराई गयी। जिसके अन्तर्गत उपस्थित जनसमूह को आग के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि आग लगे तो घबराये नही, घटना की सूचना दें। मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने जनसमूह को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया तथा बताया कि घर के अन्दर बिजली के उपकरण खुले न छोड़ें, गैस सिलेण्डर के रेगुलेटर को उपयोग के बाद बन्द कर दें, समय-समय पर गैस पाइप को चेक कर लें। डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत में ही एसी की सर्विस करवा ले, एसी का आउटडोर यूनिट खुली छाया में रखें, टाइमर का उपयोग करें, एसी का शॉकेट अलग से होना चाहिए, एक शॉकेट पर एक से अधिक उपकरण न चलायें, वाल्टेज स्टॉपलाइजर को कमरे के पर्दे, सोफे एवं ज्वलनशील पदार्थो से दूर लगाये। गर्मी ऋतु शुरू हो चुकी है, इस ऋतु में आग लगने की घटनायें अधिक बढती हैं, इसलिये आग से बचाव एवं जागरूक रहने की आवश्यकता है। ड्रिल के दौरान आईओसीएल से प्रवीण कुमार अधिकारी, बीपीसीएल से राकेश कुमार अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से डॉ. रविन्द्र कुमार तथा फायर सर्विस नजीबाबाद मय यूनिट एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अज्ञात बाइक सवारों ने कार सवारों पर लाठी-डंडों से किया हमला

**पुलिस मामले की जांच में जुटी**

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र में करीब आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने लाठी डंडों के साथ बोलेरो कार सवार तीन लोगों पर अचानक हमला कर दिया। इस संबंध में थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि जयकांत कुमार पुत्र परमेश्वर राय निवासी मौहल्ला जाब्तागंज निकट जैन कोल्ड स्टोर कोटद्वार रोड अपनी बुलेरो कार से साथियों के साथ सिद्धबली एल्युमिनियम फैक्ट्री बुंदकी रोड से अपने घर आ रहे थे कि इम्पीरियल स्कूल के पास लगभग आधा दर्जन मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने कार को रोकने का प्रयास करते हुए लाठी व डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित की कार क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित व्यक्ति जयकांत कुमार ने थाना प्रभारी नजीबाबाद राहुल सिंह से मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की। एसआई समय पाल टोटिया ने कहा कि घटना के संबंध में तहरीर प्राप्त हो गई है। घटना के पास सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# टैंट व्यापार एसोसिएशन ने होली मिलन व रोजा इफ्तार कार्यक्रम कराया



टैंट व्यापार एसोसिएशन के कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद टैंट व्यापार संगठन के तत्वावधान में नगर के संगम मैरिज हॉल में होली मिलन एवं रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारा व सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष धवन एवं संचालन मौहम्मद सलीम ने किया। इस अवसर पर विधायक तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, व्यापारी नेता शोभित मित्तल, डॉ. संदीप अग्रवाल ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं तथा रमजान के पवित्र माह की मुबारकबाद पेश की। कार्यक्रम में सामाजिक सौहार्द व आपसी प्रेम को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। सभी वक्ताओं ने कहा कि नजीबाबाद की गंगा-जुमनी तहजीब रही है कि यहां सभी वर्गों के लोग एक-दूसरे के त्यौहार मिलजुल कर मनाते है। ऐसे आयोजन समाज में एकता व भाईचारे को मजबूत करते हैं तथा विभिन्न समुदायों के लोगों को एक मंच पर लाने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर रोजा इफ्तार में हिंदू-मुस्लिम सभी ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर, संरक्षक सुभाष धवन, महामंत्री सलीम अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार टांक, तसनीम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष इकबाल अहमद, बार संघ के अध्यक्ष कसीम अहमद एड., हाजी निसार, सादिक अली, कलवा शेख मंसूरी, लड्डन खां, दीपक कुमार, साबिर जैदी, मौ. अजमल, संजय अग्रवाल, बब्बन अली जैदी, इंजीनियर शादाब हैदर, जाहिद अंसारी, अजमल खान, शहबाज खान आदि अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने टैंट व्यापार एसोसिएशन के इस प्रोग्राम की सराहना की।

# रमा जैन की रासेये छात्राओं के विशेष शिविर का खैरूल्लापुर में शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रमा जैन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम खैरुल्लापुर के पंचायतघर में शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कु0 प्रियंका ने सरस्वती वन्दना पर नृत्य प्रस्तुत किया, प्रियांशी ने सरस्वती माँ की स्तुति प्रस्तुत की। शिविर में ग्राम प्रधान श्रीमती रीना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। शिविर का प्रथम दिवस स्वच्छ भारत अभियान व पर्यावरण संरक्षण विषय के अन्तर्गत मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने छात्राओं को ग्लोबल वार्मिंग एवं वृक्षों की महत्ता के विषय में बताया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 मृदुला त्यागी ने कहा कि स्वयं सेविकाओं को जीवन में आने वाले संघर्षों से बिना घबराये आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। ग्राम प्रधान श्रीमती रीना ने छात्राओं को निरन्तर कुछ न कुछ नया सीखते रहने का संदेश दिया। अर्थशास्त्र प्रवक्ता डॉ. सविता वर्मा ने छात्राओं को बताया कि शिविर में किस प्रकार अनुशासन में रहकर कार्य करना होता है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के निर्देशन में किया गया।

# लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र में एक महिला की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार की शाम नजीबाबाद के माल गोदाम रेलवे फाटक के निकट रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। मौके पर पहुंचे जीआरपी प्रभारी कमल किशोर व पुलिस कर्मियों ने महिला के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया। जिसके बाद महिला की पहचान कांति पत्नी रतिराम निवासी ग्राम फजलपुर तबेला नजीबाबाद के रूप में हुई। जीआरपी का मानना है की ट्रेन संख्या 04663 की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है। घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दी गई है। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




ग्राम नयागांव निवासी अर्पित सिंह की सफलता पर उसे मिठाई खिलाते उसके माता-पिता।


असद अकील की सफलता पर उसे बधाई देते जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम व समाजसेवी शेख शाहनवाज खलील।

# नगीना तहसील के तीन होनहारों ने यूपीएससी परीक्षा का परचम लहराया

नगीना (चिंगारी)। यूपीएससी 2025 की परीक्षा में इस बार नगीना तहसील के तीन होनहार युवाओं ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। क्षेत्र के नयागांव निवासी अर्पित सिंह ने 386वीं रैंक प्राप्त कर परिवार व गांव का नाम रोशन किया है। नयागांव निवासी किसान अरविंद कुमार व सीमा सिंह के घर जन्मे होनहार अर्पित सिंह बचपन से ही पढ़ाई में काफी होशियार रहे है। 29 वर्षीय अर्पित सिंह ने बताया कि यह उनका आखिरी छठा प्रयास था, जिसमें उन्हें सफलता हासिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि पांच बार की असफलता के बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी तथा बिना कोचिंग घर पर ही अपनी मेहनत व लगन के बल पर अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने का काम किया है। अरविंद कुमार व गृहिणी सीमा सिंह के इकलौते पुत्र अर्पित सिंह की सफलता पर पूरे गांव के लोग बेहद गदगद हैं। ग्रामीण परिवेश में पले- बढ़े अर्पित सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षों से उन्हें कई बड़ी व अच्छी कंपनियों की नौकरी के ऑफर आए लेकिन उन्होंने सभी को ठुकरा दिया था। मोरारका पब्लिक स्कूल से हाईस्कूल व इंटर करने के बाद तमिलनाडु से बीटेक करने वाले अर्पित सिंह को जिम जाना काफी अच्छा लगता है। उन्होंने बताया कि उनका मिशन प्रशासनिक सेवा में जाकर लोगों की सेवा करना है। अर्पित की सफलता पर गांव में जश्न का माहौल है।

## असद अकील का अपने घर पहुंचने पर हुआ अभूतपूर्व स्वागत

**नगीना ( चिंगारी )।** यूपीएससी-2025 की परीक्षा में 321वीं रैंक प्राप्त करने वाले नगीना निवासी असद अकील के अपने घर पहुंचने पर मोहल्लेवासियों व समर्थकों ने उनका अभूतपूर्व स्वागत किया। असद अकील शनिवार की सुबह करीब 11 बजे लखनऊ से ट्रेन द्वारा मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर उतरे। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर उनके स्वागत के लिए परिजनों के अलावा नगीना चेयरपर्सन के पुत्र व चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील खुद मौजूद रहे। कारों के लंबे काफिले के साथ शाम करीब चार बजे असद अकील नगर के मोहल्ला छिपीपाड़ा में स्थित अपने घर पहुंचे। घर पहुंचने पर नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद खुद उनसे मिलने पहुंचे तथा फूल माला पहनकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। मोहल्ले के भी सैकड़ो लोगों ने भी असद अकील के घर पहुंचकर उन्हें फूल माला पहनाई तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी इस मौके पर ढोल नगाड़ों की थाप पर समर्थकों ने खूब डांस किया। इस मौके पर अकील के पिता अकील अहमद, चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम, समाजसेवी तनवीर अख्तर, ग्राम कोटरा के प्रधान आफताब अंसारी, सना ग्रुप के चेयरमैन सरफराज अंसारी आदि मौजूद रहे।

# चंद्रवाहिनी के घर जाकर विधायक ओमकुमार ने किया सम्मानित



## चन्द्रमोहिनी ने यूपीएससी में पायी 662वीं रैंक

**नहटौर ( चिंगारी )।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में नांगल जट की बेटी चंद्रवाहिनी चौधरी द्वारा 662वीं रैंक प्राप्त करने पर विधायक ओमकुमार ने सम्मानित किया। विधायक ओमकुमार ने कहा कि चंद्रवाहिनी अन्य छात्रों विशेष तौर पर बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। शनिवार को विधायक ओमकुमार नांगल जट स्थित चंद्र वाहिनी के घर पहुंचे। जहां पर उन्होंने चंद्रवाहिनी के पिता अरुण चौधरी, माता एवं परिजनों को बधाई दी। उन्होंने चंद्रवाहिनी को पुष्पगुच्छ एवं श्रीराम दरबार का चित्र भेंट प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ओम कुमार ने चंद्रवाहिनी से उसकी पढ़ाई व तैयारी और परिजनों के सहयोग आदि के बारे में विस्तार वार्ता की। बता दे करीब 8 वर्ष पूर्व इंटरमीडिएट में नहटौर टॉपर होने पर भी विधायक ओम कुमार द्वारा ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चंद्रवाहिनी को सम्मानित किया गया था। जिसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष तिलकराज सैनी, विपुल चौधरी, अरुण चौधरी, नरेश प्रधान आदि उपस्थित रहें। भाजपा नेत्री रचनापाल ने भी चंद्र वाहिनी चौधरी को सम्मानित किया।

# मिमिक्री आर्टिस्ट धर्मवीर सिंह दिल्ली में सम्मानित

**नहटौर ( चिंगारी )।** मिमिक्री आर्टिस्ट धर्मवीर सिंह ने भारत मंडपम में आयोजित ऐप लॉन्चिंग के अवसर पर अपनी कला का प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। आयोजक टीम द्वारा धर्मवीर सिंह को सम्मानित किया गया। बता दें कि नहटौर के ग्राम शेखुपुरा नारायण खेड़ी निवासी धर्मवीर सिंह पुत्र फकीरचंद को 60 से 70 आवाजों की मिमिक्री करने में महारत हासिल है, जिसके कारण धर्मवीर सिंह की चैनकुली ओर छोटा भीम के नाम से क्षेत्र में पहचान है। मिमिक्री के शौक के चलते धर्मवीर सिंह के कई उपनाम भी हैं। धर्मवीर सिंह को छोटा भीम, चैन कुली अमरीश पुरी आदि अनेक नामों से जाना जाता है। धर्मवीर सिंह पशु, पक्षियों की आवाज की मिमिक्री भी करता है। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में भी धर्मवीर सिंह ने अपनी कला का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।


अप लॉन्चिंग के अवसर पर मिमिक्री करते हुए नहटौर निवासी धर्मवीर सिंह।

# युवती से किया दुराचार, दो हो गये गिरफ्तार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने युवती के साथ मारपीट व उसके साथ गलत कार्य करने व जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफतार किया है। एक व्यक्ति द्वारा 5मार्च को थाने में दी गई तहरीर में बताया गया कि नगर के मुहल्ला सरायरफी निवासी दानिश पुत्र शकील उसकी बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया, इसी दौरान फैसल पुत्र गफ्फार निवासी मुहल्ला सरायरफी व उसके दो अन्य अज्ञात साथियों ने उसकी बहन को रास्ते में रोक लिया। फैसल द्वारा उसकी बहन के साथ मारपीट व गलत कार्य किया गया तथा साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। दानिश के परिजनों द्वारा भी जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी दानिश व फैसल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार,का राजकुमार, आदित्य मलिक व रणजीत मलिक शामिल थे।



# बसपा नेताओं ने शगुन कौशल को किया सम्मानित

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** मूल रूप से स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सराय आलम के निवासी पुष्पेन्द्र कुमार के सुपुत्र शगुन कौशल द्वारा यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में 145 वीं रैंक हासिल करने पर बसपा नेताओं ने शगुन कौशल और उनके माता-पिता को फूल-मालायें पहनाकर सम्मानित किया। बसपा नेता सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुष्पेन्द्र कुमार उनके तयेरे भाई हैं तथा काफी समय से आदर्शनगर, नजीबाबाद में रहते हैं। पुष्पेन्द्र कुमार के सुपुत्र शगुन कौशल ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 145वीं रैंक हासिल कर गांव, क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। शनिवार को बसपा नेताओं ने उनके घर पर पहुंचकर शगुन कौशल, उनके पिता पुष्पेन्द्र कुमार तथा माता विनीता कौशल को फूल-मालायें पहनाकर, मिठाई खिलाकर और बुके देकर सम्मानित किया। शगुन कौशल को स्वर्णिम भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं। बसपा नेताओं ने कहा कि शगुन कौशल की इस शानदार सफलता से पूरे दलित समाज एवं क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके मूल गांव सराय आलम में भी जश्न मनाया जा रहा है। बसपा के जिलाध्यक्ष डी. पी. सिंह रवि, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी नरेन्द्र कुमार रवि, बामसेफ के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र रंजन, भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक विजेन्द्र कश्यप, सुरेन्द्र सिंह, सूरज सिंह, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह आदि मौजूद रहे।


शगुन कौशल और उनके माता-पिता को सम्मानित करते बसपा नेता।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अपंजीकृत अस्पतालों का छाया रहा मुद्दा


एम एम इंटर कॉलेज में बदहाल पड़े खेल मैदान का निरीक्षण करती जिलाधिकारी।


गुरुद्वारे का निरीक्षण करती जिलाधिकारी।

**नगीना ( चिंगारी )। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में नगीना में बिना पंजीकरण काफी संख्या में चल रहे निजी अस्पतालों का मुद्दा छाया रहा। जिलाधिकारी के समक्ष स्वास्थ्य विभाग की तरफ से काफी लंबे समय से नगीना तहसील में जमे नोडल अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठाये गए। जिलाधिकारी ने अवैध तौर पर संचालित हो रहे सभी निजी अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिये।**

## डीएम ने नोडल अधिकारी को दिये कार्रवाई के निर्देश

शनिवार की दोपहर तहसील सभागार में जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान संपूर्ण दिवस में कल 25 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो गया। इस मौके पर लोगों ने नगीना क्षेत्र में बिना पंजीकरण व अप्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा संचालित किये जा रहे निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई कराये जाने की मांग की। लोगों ने आरोप लगाया कि काफी लंबे समय से नोडल अधिकारी की नगीना में तैनाती है लेकिन अवैध तौर पर चल रहे निजी अस्पतालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि यदि किसी अवैध अस्पताल पर सील लगा दी जाती है तो बाद में वहां दूसरे नाम का अस्पताल संचालित हो जाता है। नोडल अधिकारी का नाम सामने आते ही उन्होंने अवैध तौर पर संचालित हो रहे निजी अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस के बाद हॉकी के पूर्व खिलाड़ियों की शिकायत पर एम एम इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर पहुंचकर इसका जायजा लिया। हॉकी के पूर्व खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी से मैदान में मिट्टी का भराव कराने व मिनी स्टेडियम बनवाए जाने की मांग की। तहसील समाधान दिवस में एसडीएम विजय शंकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी, सीएमओ कौशलेंद्र सिंह, एसडीएम (न्यायिक) आशुतोष राम प्यारे जैसवाल सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस के बाद एसडीएम कोर्ट परिसर के पास स्थित गुरुद्वारा भी गईं। भाजपा नेता रोहित रवि ने गुरुद्वारे के समीप दीवार संबंधी समस्या को डीएम के समक्ष रखा।

# सर्वसमाज की महिलाओं ने खेली फूलों की होली



**स्योहारा ( चिंगारी )।** आर्य समाज मन्दिर में सर्व समाज की महिलाओ द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने फूलों की होली खेलते हुए एक दूसरे को होली की बधाई दी । इस अवसर पर महिलाओं एवं छोटे बच्चो द्वारा भजनों और गानों पर सुन्दर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सरोज शर्मा, नीना, नीरू, प्रियंका गर्ग, रंजना, कामिनी अग्रवाल, सारिका, रेनू अग्रवाल, दीपा, खुशबू आदि महिलाओं का योगदान रहा। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि छोटे कस्बों में ऐसे आयोजन से आपस मे मित्रता का भाव बढ़ता है और त्यौहारों का उत्साह भी दोगुना हो जाता है।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. (बिजनौर)
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
अट्ठाहवां रोज़ा : रविवार 08 मार्च
इफ्तार सुन्नी 6:24, शिया 6:34
उन्नीसवां रोज़ा : सोमवार, 09 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:10 शिया 5:03

शहजाद अहमद


# सामूहिक रोज़ा इफ़्तार में शामिल हुये सांसद चन्द्रशेखर



**नूरपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)के वरिष्ठ नेता प्रदेश महामंत्री गौहर इक़बाल के यहां शनिवार की शाम रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद समेत पार्टी ने बड़े नेता शामिल रहे। इफ्तार पार्टी के आयोजक गौहर इक़बाल ने कहा कि इफ्तार पार्टी कराने का कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं बल्कि इसमें क्षेत्र के सामाजिक व आम लोगों को निमंत्रण दिया गया था। उन्होंने पार्टी में पहुंचने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# पीएम रिलीफ़ फ़ंड में अक्षर संस्था भेजेगी 2 लाख रुपए

## एक रूपया प्रतिदिन देश के नाम अभियान के अंतर्गत संस्था 36.50 लाख रुपए भेज चुकी है

**धामपुर ( चिंगारी )।** दो दशकों से अधिक सक्रिय नगर की अग्रणी संस्था अक्षर अपने द्वारा संचालित अभियान एक

### 18 मार्च को आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में नगर की कुछ विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित भी किया जाएगा

रूपया प्रतिदिन देश के नाम के अंतर्गत बीते वर्ष की संग्रहित राशि दो लाख रुपए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में भेजने जा रही है। अक्षर संस्था के अध्यक्ष अतुल गुप्ता और अभियान संयोजक सत्यराज ने बताया कि यह अभियान विगत 2 दशकों से चल रहा है और इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष संग्रहित राशि को संस्था के वार्षिक कार्यक्रम में पीएम रिलीफ फंड में भेजा जाता है। श्री गुप्ता ने बताया कि इस बार भेजे जाने वाले दो लाख रुपए को मिलाकर, अब तक 36 लाख 50हजार रुपए हम प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में भेज चुके हैं। अतुल गुप्ता ने आगे कहा कि आने वाले 18 मार्च दिन बुधवार की शाम स्थानीय शुभम मंडप में आयोजित कार्यक्रम में यह राशि पीएम रिलीफ फंड के लिए भेजी जाएगी। इसी कार्यक्रम में परंपरा के अनुसार नगर क्षेत्र की अनेक विभूतियां को सम्मानित भी किया जाएगा।


अतुल गुप्ता


सत्यराज

# रीवा एक्सप्रेस में आशुतोष ब्रह्मचारी पर जानलेवा हमला

**प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ न्यायालय में यौन उत्पीड़न का मामला दायर करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर आज रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में जानलेवा हमला कर दिया गया। हमलावर ने उन पर धारदार हथियार से वार किया, जिसमें वह घायल हो गए। बताया गया कि आशुतोष ब्रह्मचारी गाजियाबाद से रीवा एक्सप्रेस के एच-1 कोच में सवार होकर प्रयागराज आ रहे थे। इसी दौरान फतेहपुर और कौशांबी जिले के सिराथू रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन में उन पर हमला कर दिया गया। आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया कि हमलावर ने धारदार हथियार से उन पर कई वार किए और उनकी नाक



काटने की कोशिश भी की। जान बचाने के लिए उन्होंने खुद को ट्रेन के टॉयलेट में बंद कर लिया, जिससे उनकी जान बच सकी।

हमले में उन्हें कई जगह चोटें आई हैं और वह लहूलुहान हालत में प्रयागराज जंक्शन पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने जीआरपी थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए कॉल्विन अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने इस हमले के पीछे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर साजिश रचने का शक जताया है। बताया जा रहा है कि आशुतोष ब्रह्मचारी मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के सिलसिले में 12 मार्च को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पेश होने के लिए प्रयागराज आ रहे थे। इसके अलावा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर लगाए गए यौन शोषण के आरोप से जुड़े मामले में भी हाईकोर्ट में जवाब दाखिल किया जाना है।

# यूपीएससी परीक्षा पास करने पर शगुन कौशल का स्वागत किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद के आदर्श नगर स्थित रविदास धर्मशाला में अनुसूचित जाति-जनजाति मेधावी छात्र-छात्रा कल्याण समिति एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति जन जागृति महासंघ द्वारा यूपीएससी परीक्षा में 145वीं रैंक प्राप्त करने पर शगुन कौशल का स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोर कमेटी प्रभारी तेजपाल सिंह ने की, जबकि संचालन अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने किया। इस अवसर पर उमेश कुमार, डॉ. भूपेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, मंडलाध्यक्ष जितेंद्र के राव, मंडल कोषाध्यक्ष डॉ.



रामकुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह, सुरजा सिंह, जिलाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, महामंत्री ओम प्रकाश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार रवि, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, डीआरएम डिग्री कॉलेज के प्रबंधक आर.के. सागर सहित मुकेश कुमार, दिले राम रवि, डॉ. धनीराम, संजीव कुमार, भीम सिंह, सुभाष चंद्र, विनय कुमार, संतोष कुमार, राकेश कुमार, ओमराज सिंह, विजय कुमार, जगवती देवी, विनीता देवी, टीका देवी, रेखा देवी, मोनिका रानी, डॉ. निशिका कौशल, सुरभि, सुशीला देवी, सरिता देवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं अटेवा नजीबाबाद तहसील प्रभारी सुभाष चंद्र के हाथों में रही।

# भाजपा की कथनी और करनी में अंतर- अखिलेश यादव

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) सरकार ने मंहगाई कम करने की बात की थी। दूसरी तरफ टैक्स लगा रही है। गाड़ियों पर सरकार 60 से 70 प्रतिशत टैक्स वसूल रही है।आज ही 60 रुपये एलपीजी के दाम बढ़ा दिए हैं। इस सरकार में मुनाफाखोरी और भ्रष्टाचार महंगाई का कारण है। जब भाजपा सरकार जाएगी, तभी महंगाई घटेगी। यह बातें शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही। वे पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यूपी में थर्मल प्लांट सबसे ज्यादा समाजवादी सरकार में लगे हैं। पिछले 10 साल में भाजपा बताए कि एक भी प्लांट इन्होंने लगाया हो। अखिलेश ने कहा कि ये सबसे भ्रष्ट सरकार है। प्रेस कांफ्रेंस में गाना चलाया गया सपा के आवै दा सत्ता में, कट्टा सटा के उठा लेव घारा से..., को लेकर अखिलेश यादव ने नाराजगी जताई। बोले, बताओ क्या हम लोग ऐसा गाना बना सकते हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमारी पार्टी को बदनाम करने के लिए गाना बनाया है। भाजपा के नए गाने पर हम एफआईआर लिखाएंगे।



# ट्रम्प ने ब्रिटेन को कहा धन्यवाद, अब हमें मदद की जरूरत नहीं

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में दो विमान-वाहक पोत भेजने पर विचार करने के लिए ब्रिटेन धन्यवाद दिया है और कहा है कि अब उन्हें इसकी जरूरत नहीं हैं।

श्री ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर ब्रिटेन को धन्यवाद देते हुए कहा, ब्रिटेन जो कभी हमारा सबसे बड़ा साथी था, शायद सबसे बड़ा, आखिरकार पश्चिम एशिया में दो विमान-वाहक पोत भेजने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। कोई बात नहीं प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, हमें अब उनकी ज़रूरत नहीं है, लेकिन हम याद रखेंगे। हमें ऐसे लोगों की ज़रूरत नहीं है जो हमारे जीतने के बाद जंग में शामिल हों!

गौरतलब है कि ब्रिटेन ने ईरान पर हमला करने के लिए अमेरिका को ब्रिटिश हवाई अड्डा का इस्तेमाल करने की इजाजत देने से मना कर दिया था। इसके बाद श्री ट्रम्प ने एक अखबार को दिये साक्षात्कार में कहा था, वह मददगार नहीं रहे हैं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा देखूंगा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ब्रिटेन से ऐसा देखूंगा।

## नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि पहले मेरी पुत्री का नाम ईशी खन्ना था। अब मैंने उसके आधार कार्ड में उसका नाम ईशी खन्ना के स्थान पर ईशानवी खन्ना करा दिया है। इसलिये अब भविष्य में मेरी पुत्री को ईशानवी खन्ना के नाम से ही जाना-पहचाना जाये।

**-अंकुर खन्ना पुत्र श्री प्रकाश खन्ना, निवासी मोहल्ला सोतियान बिजनौर ( उ.प्र. )**


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# महिलाओं ने खेली फूलों की होली, साथ ही विश्व महिला दिवस मनाया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून रोड स्थित वेडिंग प्वाईंट मुनिकीरेती–ढालवाला की महिलाओं ने धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन समारोह मनाया। देहरादून रोड स्थित एक वेडिंग प्वाईंट में समाजसेवी हिमांशु बिजल्वाण और नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती–ढालवाला की अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरकंडा देव डोली उपासक पंडित अजय बिजल्वाण व सेवा निवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन के सदस्यों ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप जलाकर किया।

कार्यक्रम में गढ़भूमि लोक संस्कृति की महिलाओं ने मंगल गीतों की प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा। लोकगायिका रेश्मा शाह, लोकगायक विनोद बिजल्वाण, अमन खरोला के गढ़वाली गीतों की प्रस्तुतियों पर




महिलाएं जमकर झूमी और फूलों की होली खेली। मौके पर सभासद स्वाति पोखरियाल, विनोद खंडूड़ी, विनोद सकलानी, ब्रिजेश गिरि, समाजसेवी रमावल्लभ भट्ट, सुरेन्द्र भंडारी, मनीष डिमरी, दिनेश व्यास, इंद्रा आर्य, मीना मंदवाण, मनीष डिमरी, उल्लास बहुगुणा, रामकृष्ण पोखरियाल, बजरंग बिजल्वाण, वीरू उनियाल, गब्बर कैंतूरा, गुरू प्रसाद बिजल्वाण, दर्शनी भंडारी, मदन बडोनी, पदमा सेमवाल, उर्मिला ममगाईं आदि उपस्थित रहे।

# कर रहे थे मारपीट भरे बाज़ार
## पुलिस ने चारों को किया गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पुलिस ने दुगड्डा बाजार में उत्पात मचाने वाले चार नशेड़ी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि दुगड्डा बाजार क्षेत्र में कुछ व्यक्ति आपस में लड़ाई–झगड़ा कर उत्पात मचा रहे हैं, जिससे बाजार में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सूचना पर चौकी प्रभारी दुगड्डा उप निरीक्षक किशन दत्त शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर पाया कि चार व्यक्ति आपस में मारपीट कर रहे थे, जिसके कारण बाजार में भीड़ एकत्र हो गई थी तथा जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्तियों को समझाकर झगड़ा शांत कराने का प्रयास किया गया, किन्तु वे लगातार उत्तेजित होकर आपस में लड़ते रहे। बीच बाजार में इस प्रकार की गतिविधि से शांति भंग होने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने चारों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। तत्पश्चात चारों व्यक्तियों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, जिसमें चारों के नशे की अवस्था में होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में आरोपियों की पहचान अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय प्रकाश चंद, निवासी दुगड्डा, दीपक कुमार पुत्र राम चंद्र, निवासी ग्राम मेरुवा, पोस्ट लैंसडाउन, मुकेश कुमार पुत्र वीरेंद्र प्रसाद, निवासी धनी राम बाजार दुगड्डा व जयपाल सिंह नेगी पुत्र स्वर्गीय धर्म सिंह, निवासी हनुमंती, दुगड्डा के तौर पर हुई। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# महिला सशक्तिकरण के बिना समृद्ध एवं विकसित समाज की कल्पना संभव नहीं : डॉ. प्रेमचंद

## प्रतीत नगर में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायवाला की ग्रामसभा प्रतीत नगर स्थित होशियारी माता मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं, मातृशक्ति एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि समाज के निर्माण और विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, विज्ञान, खेल और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना एक समृद्ध और विकसित समाज की कल्पना संभव नहीं है। केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। उत्तराखंड सरकार महिलाओं के कल्याण और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्थानीय लोगों की मांग पर डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने होशियारी माता मंदिर में हॉल निर्माण के लिए विधायक



निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का भी माध्यम होते हैं। ऐसे स्थानों का विकास होने से सामाजिक एकता और आपसी सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला, महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, प्रधान राजेश जुगलान, प्रधान सागरगिरी, जिलापंचायत सदस्य दिव्या बेलवाल, अंजलि रावत, बिना बंगवाल, चंद्रकांता बेलवाल, कृष्णा रमोला, कमलेश भंडारी, अंजलि नैथानी, सरस्वती अधिकारी, रेखा भंडारी, माया डबराल, सुनीता नेगी, रोशनी नौटियाल, ऋषि राम, गणेश रावत, राहुल अग्रवाल, सुरेंद्र बिष्ट, विपिन कुकरेती, उर्मिला नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

# बीएसएनएल का नेटवर्क हो रहा खराब
## लोगों की कहीं भी नहीं हो पा रही बात

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत केटीआर से सटे ग्राम पंचायत कांडा नाला में एक बार फिर बीएसएनएल का मोबाइल नेटवर्क दगा दे रहा है। नेटवर्क नहीं होने से लोगों को खासी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। ग्राम प्रधान विनीता ध्यानी ने बताया कि क्षेत्रीय ग्रामीणों को संचार सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए दो वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत कांडा में बीएसएनएल का सब–टावर स्थापित किया गया था, लेकिन आए दिन नेटवर्क की दिक्कत होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण न तो अपने रिश्तेदारों से बात कर पा रहे हैं और न ही उन्हें ऑनलाइन सुविधाएं ही मिल पा रही है। पूर्व में भी नेटवर्क न आने पर उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया था जिस पर बीएसएनएल के उच्चाधिकारियों के निर्देशन में टीम कुछ दिनों तक क्षेत्र में सक्रिय रही थी और टावरों की खराबी को दूर किया गया था, लेकिन फिर हालात जस के तस हो गए हैं।

ग्रामसभा क्षेत्र के गांव केटीआर से सटे हुए हैं। यहां हमेशा जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। कोई घटना घटती है, तो वे किसी को सूचना भी नहीं दे पाएंगे। बताया कि इस बार भी उन्होंने इस संबध में बीएसएनएल के डीजीएम, एजीएम व जेटीओ को अवगत कराकर समस्या के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

# पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को अपनी योग्यता सिद्ध करनी पड़ती है - डॉ. रमा भार्गव

## ब्रह्मा कुमारीज सेवा केन्द्र पर मनाया गया महिला दिवस

**रुड़की ( चिंगारी )।** ब्रह्माकुमारीज के रुड़की सेवा केंद्र पर आज सुबह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके गीता दीदी की अध्यक्षता व बीके दीपिका बहन के संचालन में आयोजित समारोह में बैंगलोर कर्नाटक की सावित्रीबाई फुले साहित्यिक संस्था अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ सुनीता सैनी गुड्डी ने 'मैं तो पानी–पूरी खाऊंगी री मां' गीत सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा वैश्विक स्तर पर किये जा रहे नारी सशक्तिकरण व विश्व शांति प्रयासों की सराहना की।

आईआईटी रुड़की की डीन रही डॉ. रमा भार्गव ने कहा कि पुरुष प्रधान समाज में नारी को अपनी योग्यता सिद्ध करनी पड़ती है, जबकि पुरुषों के साथ ऐसा नहीं है। उन्होंने भेदभाव रहित समाज की स्थापना पर जोर दिया। आईआईटी रुड़की की डिप्टी रजिस्ट्रार मेजर नीति उपाध्याय ने भारतीय सेना में पुरुष जवानों के साथ देश की रक्षा से जुड़े अनुभव साझा किए। वहीं आईआईटी में देश के भविष्य युवा विद्यार्थियों की सेवा में बिताए जा रहे पलों को स्वर्णिम बताया। महिला चिकित्सक डॉ. वन्दना ग्रोवर ने ब्रह्माकुमारीज के ध्यान योग को महिलाओं के लिए वरदान बताया। देवबंद राजकीय चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ. पुनिता शर्मा ने कहा कि उन्हें ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर आकर सुखद अनुभूति हुई है। राजयोगिनी बीके गीता दीदी ने कहा कि महिलाओं को आत्मबल के भरोसे आगे बढ़ना चाहिए, जिसके लिए राजयोग का अभ्यास जरूरी है। कार्यक्रम में डिवाइन मिरर हिंदी चैनल की न्यूज एंकर डॉ. सुनीता पुण्डरीक, बीके सपना, बीके पारुल, डॉ अजय भार्गव, बिजेंद्र सैनी, श्रीगोपाल नारसन, डॉ. नवनीत शर्मा, कृष्ण छाबड़ा, रश्मि त्यागी, राजबाला, अमरेश, रेखा, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# जिन्होंने पाया प्रथम स्थान, उनका किया गया सम्मान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गढ़वाल राइफल्स के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने कोटद्वार स्थित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक पहुंचकर वर्ग ख में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पालीक्लीनिक के कर्मचारियों को पारितोषिक प्रदान करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। यह जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक संघर्ष समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने बताया कि इस दौरान उन्होंने कैंटीन परिसर का निरीक्षण किया और पूर्व सैनिकों से बातचीत के दौरान उनकी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। बताया कि उनके इस दौरे ने पूर्व सैनिकों में उनकी समस्याओं के समाधान की आस जगाई, तो पालीक्लीनिक कर्मचारियों में भी कार्य के प्रति निष्ठा में वृद्धि की। इस अवसर पर पालीक्लीनिक के समस्त कर्मचारी व पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मृत्यु भोज बंद करने के लिए जागरूक करने का संकल्प दोहराया

## म.प्र. के प्रतिनिधि मंडल ने गुणवान सिंह को किया सम्मानित

**नहटौर ( चिंगारी )।** जाट जागृति संगठन नहटौर द्वारा मृत्यु भोज बंद कराने के प्रयास की सराहना की। मध्य प्रदेश से आये समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भवन समिति टीम को सम्मानित करते हुए अध्यक्ष गुणवान सिंह को सम्मानित किया। शनिवार को जाट भवन पर आयोजित बैठक में मुरादाबाद से चौ.देवेन्द्र सिंह,जटराना, मध्यप्रदेश के हरदा से चौ.कमल सिरोही, एवं सूरज सिरोही ने भवन समिति द्वारा मृत्यु भोज बंद करने के लिए लोगों को जागरूक किये जाने के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथियों ने चौधरी चंद्रपाल सिंह चिकारा, जाट जाग्रति एसोसिएशन के अध्यक्ष चौ.गुनवान सिंह को पगड़ी बांध कर व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। बैठक में चौधरी अमन सिंह गढ़ीबान, जितेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह ढोढवाल, वीरेंद्र कुमार, मोहित कुमार फलोदी, सुरेश पाल सिंह दरोगा जी, शूरवीर सिंह शादीपुर, त्रिभान सिंह रामपुर, संजीव प्रधान पुट्ठी, प्रेम सिंह अखेड़ा, कुलबीर सिंह नूरपुर खेडकी, प्रीतम सिंह, जलसुनील कुमार आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता चौधरी देवेंद्र सिंह जटराना मुरादाबाद ने व संचालन स्वामी आनंद आचार्य ने किया।




आवश्यकता है
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
मो- 8191819148

आवश्यकता है
R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8954560552, 9359888044

## 'कृष्ण' के रंग में रंगी यूपी की आईपीएस अंशिका वर्मा



## बनेंगी राजस्थानी घराने की दुल्हन

**बरेली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राजस्थान के बाड़मेर से जुड़े बिश्नोई परिवार का जुड़ाव यूपी के गंगा किनारे प्रयागराज से होने जा रहा है। दरअसल, बरेली की एसपी दक्षिणी आईपीएस अंशिका वर्मा का रिश्ता पिछले दिनों संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई (केके बिश्नोई) के साथ तय हुआ था। दोनों परिवार की आपस में मुलाकात के बाद शादी को लेकर चर्चा हुई, जो अब साकार होने जा रही है। इसके लिए बाकायदा कार्ड छप गए हैं और तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम की बुकिंग हो गई है। संभल में मस्जिद प्रकरण के बाद चर्चा में आए कृष्ण कुमार बिश्नोई मुख्यमंत्री योगी के विश्वस्त अधिकारियों में गिने जाते हैं। वह 2018 बैच के आईपीएस हैं और राजस्थान के बाड़मेर के मूल निवासी व नामी बिश्नोई परिवार से ताल्लुक रखते हैं। अंशिका वर्मा प्रयागराज की मूल निवासी हैं और 2021 बैच की आईपीएस हैं। वह पहले गोरखपुर में भी काम कर चुकी हैं और अब बरेली में तैनात रहकर महिला सुरक्षा, तकनीकी आधारित पुलिसिंग और साइबर सुरक्षा जैसे मामलों में शानदार काम कर रही हैं। दोनों आईपीएस अफसर के तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम की शुरुआत 28 मार्च से होनी है। हालांकि इससे पहले महिला संगीत का कार्यक्रम भी है। 28 मार्च को बाड़मेर के कृष्ण निवास में कृष्ण कुमार बिश्नोई बरात लेकर पहुंचेंगे। 29 मार्च की सुबह विदाई का कार्यक्रम है और 30 मार्च को जोधपुर के एक रिसॉर्ट में विवाह का रिसेप्शन रखा गया है।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

आवश्यकता है
Hero
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road,Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928